www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित



मौसम

अधिकतम तापमान 30.c

27.c न्यूनतम तापमान

बाजार

सोना 98.755g

चांदी 107,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

2 विश्व शांति के लिए भी खतरा है पाकिस्तान, सामने आई पड़ोसी देश की मंशा

समाधान दिवस के दौरान बिजली मीटर में आग लगी 04

वर्ष :09 | अंक :15 | मुंबई , रविवार , 06 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### पुंछ में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़, हैंडग्रेनेड समेत हथियारों का जखीरा बरामद

जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ के सुरनकोट उपखंड में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने हथगोले, गोला-बारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। यह बरामदगी बेहरामगला के पास मरहा इलाके में की गई, जहां सुरक्षा बलों ने संदिग्ध आतंकवादी गतिविधि को लक्षित करते हुए तलाशी अभियान शुरू किया था। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान तीन हथगोले, बीस गोलियां, एक तार काटने वाला उपकरण, एक चाकू, चार्जिंग केबल और बैटरियां जब्त की गईं। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि पुंछ पुलिस एसओजी और भारतीय सेना रोमियो फोर्स के संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान बेहराम गाला के पास मरहा में एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया और तीन हथगोले, गोला-बारूद, वायर कटर, बैटरी, एक चाकू, बिजली के तार और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। इलाके में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद यह अभियान शुरू किया गया था। अंतिम रिपोर्ट प्राप्त होने तक तलाशी अभियान अभी भी जारी था।

### छत्तीसगढ़ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में बम की सूचना से मचा हड़कंप, बाद में खबर निकली फर्जी, ट्रेन गंतव्य के लिए रवाना

दिल्ली से दुर्ग जा रही छत्तीसगढ़ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को लगभग एक घंटे की देरी से यहां झांसी रेलवे स्टेशन पर रोका गया, क्योंकि उसमें बम की धमकी मिली थी। बाद में पता चला कि यह एक अफवाह थी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बम रखे होने की सूचना मिलने के बाद झांसी रेलवे स्टेशन पर गहन जांच की गई और किसी प्रकार की संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने के करीब एक घंटे बाद ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, 12824 छत्तीसगढ़ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस शुक्रवार शाम करीब छह बजे हजरत निजामुद्दीन से चली थी, जिसके बाद किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर सूचना दी कि इस ट्रेन के स्लीपर डिब्बे में बम रखा है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही लखनऊ स्थित रेलवे नियंत्रण कक्ष के अधिकारी सतर्क हो गए और सुरक्षा के मद्देनजर ट्रेन को अगले स्टॉप झांसी के वीरांगना लक्ष्मीबाई स्टेशन पर रोक कर जांच की तैयारी शुरू कर दी गयी। जिलाधिकारी प्रमोद झा ने पुलिस अधीक्षक (रेलवे) विपुल कुमार श्रीवास्तव, रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) कमांडेंट विवेकानंद नारायण और सुरक्षा अधिकारियों के साथ मिलकर स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक दो और तीन को पूरी तरह खाली करा दिया।

# मराठी के लिए लड़ना अगर गुंडागर्दी, तो हम गुंडे है:उद्धव-राज ठाकरे

**20 साल बाद ठाकरे परिवार एक साथ:उद्धव बोले- मराठी ने दूरियां खत्म कीं; राज बोले- फडणवीस ने वो किया जो बालासाहेब नहीं कर पाए**

**विशाल विजय सभा**

▶▶राज ठाकरे ने कहा, मैंने अपने एक इंटरव्यू में कहा था कि मेरा महाराष्ट्र किसी भी राजनीति और लड़ाई से बड़ा है। आज 20 साल बाद मैं और उद्धव एक साथ आए हैं। जो बालासाहेब नहीं कर पाए, वो देवेंद्र फडणवीस ने कर दिखाया। हम दोनों को साथ लाने का काम।

एजेंसी

महाराष्ट्र ,करीब 20 साल बाद, अलग-थलग पड़े चचेरे भाई उद्धव और राज ठाकरे ने एक बार फिर सार्वजनिक मंच साझा किया। शनिवार को, वे प्राथमिक विद्यालयों में तीन-भाषा नीति को वापस लेने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले का जश्न मनाने के लिए मुंबई में एक विशाल विजय सभा के लिए एक साथ आए। शिवसेना और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना द्वारा संयुक्त रैली के दौरान भाईयों, उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी। महाराष्ट्र सरकार ने हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में लागू करने के लिए दो सरकारी प्रस्तावों को रद्द कर दिया है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे ने कहा, मैंने अपने एक इंटरव्यू में कहा था कि मेरा महाराष्ट्र किसी भी राजनीति और लड़ाई से बड़ा है। आज 20 साल बाद मैं और उद्धव एक साथ आए हैं। जो बालासाहेब नहीं कर पाए, वो देवेंद्र फडणवीस ने कर दिखाया। हम दोनों को साथ लाने का काम शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा, हम साथ रहने के लिए साथ आए हैं। महाराष्ट्र सरकार द्वारा हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में लागू करने के सरकारी प्रस्ताव(जीआर) को रद्द करने के बाद, शिवसेना और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना मुंबई के वर्ली डोम में एक संयुक्त रैली कर रहे हैं। राज ठाकरे ने कहा कि मुझे हिंदी से कोई शिकायत नहीं है, कोई भी भाषा बुरी नहीं होती। भाषा को बनाने में बहुत मेहनत लगती है। मराठा साम्राज्य के दौरान हम मराठी लोगों ने कई राज्यों पर राज किया



**हजारों कार्यकर्ताओं के सामने उद्धव और राज ने एक दूसरे को लगाया गले, शिवसेना यूबीटी ने बताया सुनहरा समय**

शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे शनिवार को फिर साथ आ गए। तीन भाषा विवाद के बीच दोनों क्षेत्रीय पार्टियां एक साथ आ गई हैं। ठाकरे बंधु 20 साल बाद एक साथ मंच पर दिखे। हजारों कार्यकताओं के सामने उद्धव और राज ने एक दूसरे को गले लगाया। उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मुंबई के वर्ली डोम में अपनी पार्टियों शिव सेना (यूबीटी) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) की संयुक्त रैली में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माला चढ़ाई। उद्धव ठाकरे गुट (यूबीटी) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) की संयुक्त रैली पर शिवसेना (यूबीटी) नेता आनंद दुबे ने कहा कि कई सालों के बाद यह सुनहरा समय आया है, जहां आज दोनों ठाकरे, जो कि अच्छी तरह से स्थापित ब्रांड हैं, एक साथ आ रहे हैं, राजनीति के कारण नहीं, बल्कि महाराष्ट्र के सम्मान की खातिर।

**ठाकरे ब्रदर्स की सभा पर सीएम फडणवीस का पलटवार**

**बोले- विजयी सभा की जगह रुदाली भाषण हुआ**

फडणवीस ने उद्धव पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि बालासाहेब ठाकरे मुझे आशीर्वाद दे रहे होंगे। मुझे बताया गया था कि यह एक विजय रैली होनी थी, लेकिन यह एक रुदाली भाषण निकला। शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि उन्होंने संयुक्त रैली में रुदाली जैसा भाषण दिया। उन्होंने मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे को दोनों चचेरे भाइयों को फिर से मिलाने का श्रेय देने के लिए धन्यवाद दिया। फडणवीस ने उद्धव पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि बालासाहेब ठाकरे मुझे आशीर्वाद दे रहे होंगे। मुझे बताया गया था कि यह एक विजय रैली होनी थी, लेकिन यह एक रुदाली भाषण निकला।

▶▶राज ठाकरे ने कहा कि गुजराती हो या कोई और, मराठी तो आनी ही चाहिए, लेकिन अगर कोई मराठी नहीं बोलता तो उसे पीटने की जरूरत नहीं है। लेकिन अगर कोई बेकार का ड्रामा करे तो उसके कान के नीचे से वार करना चाहिए। मैं आपको एक और बात बताता हूं: अगर आप किसी को पीटते हैं

# मोदी ने अर्जेंटीना के नेशनल हीरो मार्टिन को श्रद्धांजलि दी

**दो दिनों के दौरे पर पीएम; राष्ट्रपति जेवियर से मुलाकात, बिजनेस समिट में हिस्सा लेंगे**

"प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि सांस्कृतिक संबंधों के लिए दूरी कोई बाधा नहीं है। यह बात उन्होंने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में अल्वियर पैलेस होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय द्वारा किए गए गर्मजोशी भरे और पारंपरिक स्वागत के बाद कही।

एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अर्जेंटीना के नेशनल हीरो और स्वतंत्रता सेनानी जनरल जोस डी सैन मार्टिन के स्मारक पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सैन मार्टिन को दक्षिण अमेरिकी देशों- अर्जेंटीना, चिली और पेरू के मुक्तिदाता के रूप में भी जाना जाता है। पीएम मोदी शनिवार सुबह को दो दिन के दौरे पर अर्जेंटीना पहुंचे हैं। होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया। ढट मोदी और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर जेवियर मिलई के बीच आज द्विपक्षीय बातचीत होगी। मोदी भारतीय मूल के लोगों को संबोधित भी करेंगे। मोदी की यात्रा के दौरान भारत-अर्जेंटीना के बीच डिफेंस, एग्रीकल्चर, एनर्जी, परमाणु सहयोग, व्यापार और निवेश पर चर्चा हो सकती है। दोनों देशों में लिथियम सप्लाई पर भी समझौता संभव है। अर्जेंटीना के पास दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा लिथियम भंडार है। मोदी 2 जुलाई से 10 जुलाई तक, 5 देशों की यात्रा पर हैं। वे घाना, त्रिनिदाद एंड टोबैगो के बाद अर्जेंटीना पहुंचेंगे। इसके बाद उनका अगला पड़ाव ब्राजील है। पीएम बनने के बाद मोदी का यह दूसरा अर्जेंटीना दौरा है। इससे पहले वे 2018 में जी20 समिट में हिस्सा लेने अर्जेंटीना गए थे। भारत और अर्जेंटीना जी20, जी77 और यूनाइटेड नेशन के सदस्य हैं।



**अर्जेंटीना में लगभग 3 हजार भारतीय प्रवासी**

अर्जेंटीना में लगभग 3 हजार भारतीय प्रवासी रहते हैं। दोनों देश डिफेंस सेक्टर में सहयोग बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। दोनों देशों के बीच फरवरी, 2025 में मिलिट्री ज्वाइंट एक्सरसाइज और इक्विपमेंट पर चर्चा हुई थी।

# 90वें जन्मदिन से पहले दलाई लामा बोले- 130 साल जियूंगा

**उत्तराधिकारी के चयन और विवाद पर कहा- अभी 30-40 साल तक लोगों की सेवा करूंगा**



एजेंसी

धर्मशाला, तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने 90वें जन्मदिन से पहले कहा- मैं अभी 130 साल और जियूंगा। शनिवार को अपने उत्तराधिकारी के चुनाव और विवाद पर कहा- कहा कि मुझे लोगों की सेवा करने के लिए 30-40 साल और जीने की उम्मीद है। कई भविष्यवाणियों को देखते हुए मुझे लगता है कि मुझ पर अवलोकितेश्वर का आशीर्वाद है। मुझे उम्मीद है कि मैं अभी भी 30-40 साल और जियूंगा। दलाई लामा के उत्तराधिकारी की घोषणा की अफवाहें उनके 90वें जन्मदिन से कुछ दिन पहले से ही चल रही हैं। हालांकि, केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के अध्यक्ष पेनपा त्सेरिंग अफवाहों को खारिज कर चुके हैं। मौजूदा दलाई लामा 6 जुलाई को 90 साल के हो जाएंगे। निर्वासित तिब्बती सरकार उनके जन्मदिन पर हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला के पास मैकलोडगंज में एक सप्ताह से कार्यक्रम कर रही है। दरअसल, दलाई लामा ने 2 जुलाई को हिमाचल में कहा था कि उनके उत्तराधिकारी को मान्यता देने का अधिकार तिब्बती बौद्ध गुरुओं को है।

"भारत बोला- हम धार्मिक प्रथाओं पर नहीं बोलते भारतीय विदेश मंत्रालय ने 4 जुलाई को दलाई लामा के उत्तराधिकार पर कहा- भारत सरकार आस्था और धार्मिक प्रथाओं से जुड़े मामलों पर न तो कोई रुख अपनाती है और न बोलती है। आगे भी ऐसा करती रहेगी।

## नीरव मोदी का भाई निहाल मोदी अमेरिका में गिरफ्तार

**ईडी-सीबीआई के प्रत्यर्पण अनुरोध पर कसा शिकंजा**

एजेंसी



नई दिल्ली। अमेरिकी अधिकारियों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के प्रत्यर्पण अनुरोधों के आधार पर भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के छोटे भाई निहाल मोदी को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अमेरिकी अधिकारियों ने भारत को सूचित किया कि निहाल मोदी को शुक्रवार को हिरासत में ले लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मामले की सुनवाई की अगली तारीख 17 जुलाई है और उस सुनवाई में निहाल जमानत का अनुरोध कर सकता है, लेकिन अमेरिकी अभियोजक इसका विरोध करेंगे। प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई द्वारा संयुक्त रूप से किये गये प्रत्यर्पण अनुरोध पर यह कदम उठाया गया।

# पीयूष गोयल चाहे जितनी छाती पीट लें, ट्रंप टैरिफ की समयसीमा के आगे झुकेंगे मोदी..

**राहुल गांधी का प्रधानमंत्री पर तीखा हमला**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की एक टिप्पणी को लेकर शनिवार को दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार शुल्क संबंधी समयसीमा के सामने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आसानी से झुक जाएंगे।

एजेंसी

डोनाल्ड ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ लागू होने में सिर्फ. तीन दिन बचे हैं, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व्यापार समझौते पर गतिरोध के बीच समय सीमा के आगे झुकेंगे। गांधी की यह प्रतिक्रिया तब आई जब केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत अमेरिका के साथ तभी व्यापार समझौता करेगा जब उसके हितों की रक्षा होगी। सूत्रों ने पहले इंडिया टुडे को बताया था कि भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर 9 जुलाई की समय सीमा से पहले हस्ताक्षर होने की संभावना है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की एक टिप्पणी को लेकर शनिवार को दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार शुल्क संबंधी समयसीमा के सामने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आसानी से झुक जाएंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल ने शुक्रवार को कहा था कि भारत समयसीमा के आधार पर कोई व्यापार समझौता नहीं करता है और अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को तभी स्वीकार करेगा जब यह पूरी तरह अंतिम रूप ले लेगा, ठीक से संपन्न होगा और राष्ट्रहित में होगा।



# गुरु शिष्य के आदर्शतम रिश्ते की मिसाल है गोरक्षपीठ

**अपने समय में योगी के लिए बड़े महराज का आदेश बीटो जैसा था**

"गुरुपूर्णिमा के उपलक्ष्य में गोरखनाथ मंदिर में साप्ताहिक श्रीराम कथा का आयोजन 4 जुलाई से शुरू हो चुकी है। कथाव्यास के रूप में हैं प्रयागराज के आचार्य शांतनु जी महाराज। कथा का समय रोज सुबह 9 से 11.30 और दोपहर बाद तीन से छह बजे है।

एजेंसी

लखनऊ। भारतीय संस्कृति में गुरु और शिष्य के रिश्ते को आदर्श माना जाता रहा है। गुरुकुल की अपनी परंपरा में गुरु एवं शिष्य का एक दूसरे के पर विश्वास, सम्मान और समर्पण इस रिश्ते की बुनियाद रही है। यह रिश्ता केवल शिक्षा एवं ज्ञान तक सीमित नहीं था, बल्कि यह शिष्य के जीवन को दिशा देने, चरित्र निर्माण और आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम भी रहा है। कहा जा सकता है कि एक दूसरे का गुरुत्व बढ़ाना गुरु-शिष्य की श्रेष्ठतम परंपरा है। गुरु का गुरुत्व, शिष्य की श्रद्धा में होता है। यह श्रद्धा गुरु के सशरीर रहने पर तो होती ही है, उनके ब्रह्मलीन होने पर भी शिष्य की श्रद्धा जस की तस रहती है। इसी तरह एक योग्य गुरु भी लगातार अपने शिष्य का गुरुत्व बढ़ाने का प्रयास करता है। इस मायने में गोरखपुर स्थित गोरक्षपीठ की तीन पीढियां खुद में बेमिसाल हैं। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पूज्य गुरु ब्रह्मलीन और महंत अवेद्यनाथ (बड़े महराज) का रिश्ता इसकी मिसाल है।



# जानलेवा भगदड़ के बाद बाहुड़ा यात्रा के लिए पुरी में कड़ी सुरक्षा, औपचारिक पहांडी अनुष्ठान के साथ शुरू

▶▶भगवान जगन्नाथ की बहुदा यात्रा या रथ वापसी उत्सव शनिवार को औपचारिक पहांडी अनुष्ठान के साथ शुरू हो गया। इस दौरान मूर्तियों को श्री गुंडिचा मंदिर से सारधाबली में खड़े रथों तक औपचारिक यात्रा के जरिये ले जाया जा रहा है।



एजेंसी

भगवान जगन्नाथ की बहुदा यात्रा या रथ वापसी उत्सव शनिवार को औपचारिक पहांडी अनुष्ठान के साथ शुरू हो गया। इस दौरान मूर्तियों को श्री गुंडिचा मंदिर से सारधाबली में खड़े रथों तक औपचारिक यात्रा के जरिये ले जाया जा रहा है। ओडिशा के पुरी में शनिवार को भगवान जगन्नाथ की बहुदा यात्रा के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। इस यात्रा के साथ ही रथ यात्रा उत्सव का समापन हो जाएगा। भगवान जगन्नाथ की बहुदा यात्रा के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम अधिकारियों ने बताया कि राज्य पुलिस के कुल 6,000 अधिकारी और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के 800 जवान शहर में तैनात किए गए हैं।

**जंगल राज** लालू के जंगल राज और नीतीश के राज में कोई अंतर नहीं

# गोपाल खेमका हत्याकांड पर बोले प्रशांत किशोर

एजेंसी

नयी दिल्ली। व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या मामले पर जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि लालू यादव के जंगल राज और नीतीश कुमार के राज में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कहा कि लालू यादव के राज में अपराधियों का तांडव था और नीतीश कुमार के राज में अधिकारियों का तांडव है। प्रशांत किशोर ने आरोप लगाया कि पहले जिस तरह का भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था की स्थिति थी, वह आज भी वैसी ही है। पटना में इतने बड़े व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी जाती है और कोई कार्रवाई नहीं होती। प्रशांत किशोर ने कहा कि कल ही सीवान में तीन लोगों को गोली मार दी गई। यह तो रोज की बात है। यह अधिकारियों का राज है, जो अपनी मर्जी से काम चला रहे हैं। दूसरी ओर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिहार सरकार ने एसआईटी का गठन किया है। जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी और सरकार हर पहलू की जांच कर रही है। किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि यह दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। जो लोग इसे महा जंगल राज कह रहे हैं, वे यहां गुंडा राज लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी नजर उन अधिकारियों पर है जो उस जंगल राज के दौरान पले-बढ़े थे... जिन गैर-जिम्मेदार अधिकारियों ने सख्त और त्वरित कार्रवाई नहीं की है, उन्हें जवाबदेह ठहराया जाएगा। बुलडोजर की कार्रवाई होगी, एनकाउंटर होगा, संपत्ति जब्त होगी और पीड़ित परिवार को दिए जाने वाले मुआवजे के बारे में हम सीएम से चर्चा करेंगे। बिहार के जाने-माने व्यवसायी गोपाल खेमका की पटना में उनके आवास के निकट मोटरसाइकिल सवार हमलावर ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार रात करीब 11 बजकर 40 मिनट पर गांधी मैदान इलाके में हुई। पुलिस अधीक्षक (पटना सेंट्रल) दीक्षा ने संवाददाताओं को बताया, स्थानीय थाने के अधिकारी व गश्ती वाहनों में सवार पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक विशेषज्ञ साक्ष्य एकत्र कर रहे हैं। जांच जारी है। उन्होंने बताया, सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि खेमका को मोटरसाइकिल सवार एक अज्ञात हमलावर ने गोली मारी खेमका के परिवार के सदस्यों के अनुसार, उनके बेटे की भी छह वर्ष पहले हाजीपुर में अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।



"प्रशांत किशोर ने आरोप लगाया कि पहले जिस तरह का भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था की स्थिति थी, वह आज भी वैसी ही है। पटना में इतने बड़े व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी जाती है और कोई कार्रवाई नहीं होती।

# उन्हें अब कोई गंभीरता से नहीं लेता... राहुल गांधी पर पीयूष गोयल का पलटवार



एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा अमेरिका के साथ भारत की व्यापार वार्ता पर दिए गए बयान पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भारत समय-सीमा के तहत बातचीत नहीं करता, हम राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए बातचीत करते हैं। दुनिया भर में हमारे सभी कार्यों में राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है। उन्होंने आगे कहा कि आज भारत मजबूती के साथ बातचीत करता है, हम आत्मविश्वास से भरे हैं और दुनिया में किसी से भी मुकाबला कर सकते हैं। राहुल गांधी पर तंज सकते हुए गोयल ने कहा कि यह यूपीए शासन वाला भारत नहीं है, जो राष्ट्रीय हित के बिना बातचीत के लिए भीख मांगता था। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अब कोई गंभीरता से नहीं लेता, क्योंकि वे, उनके साथी और उनकी पार्टी लगातार नकारात्मकता फैलाते रहते हैं। उन्होंने भारत के लोगों का विश्वास खो दिया है, जिन्होंने बार-बार कांग्रेस को नकार दिया है। आज तक वे देश के विकास के लिए कोई सकारात्मक एजेंडा नहीं बना पाए हैं।

○ राहुल गांधी पर तंज सकते हुए गोयल ने कहा कि यह यूपीए शासन वाला भारत नहीं है, जो राष्ट्रीय हित के बिना बातचीत के लिए भीख मांगता था। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अब कोई गंभीरता से नहीं लेता, क्योंकि वे, उनके साथी और उनकी पार्टी लगातार नकारात्मकता फैलाते रहते हैं।

## सम्पादकीय

### घटिया निर्माण का नतीजा, सरकारों को ध्यान देने की जरूरत

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने से हुई क्षति दर्शाती है कि पर्वतीय क्षेत्रों में बरसात में विषम हालात पैदा होते हैं। सरकारी और गैर-सरकारी निर्माण कार्यों की घटिया गुणवत्ता इसका मुख्य कारण है जिस पर राज्य और केंद्र सरकारें ध्यान नहीं दे रहीं। बुनियादी ढांचे के निर्माण में मानकों का पालन न करने से हादसे होते रहेंगे और दोष प्रकृति पर डाला जाएगा। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने से जो जन-धन हानि हुई, वह यही बता रही है कि अपने देश में और विशेष रूप से पर्वतीय इलाकों में बरसात के दिनों में कैसी विषम परिस्थितियां पैदा हो जाती हैं। ये केवल इसलिए नहीं पैदा होतीं कि ज्यादा वर्षा हो गई, बाढ़ आ गई या भूस्खलन हो गया। ऐसी परिस्थितियां इसलिए भी पैदा होती हैं, क्योंकि सरकारी एवं गैर सरकारी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का स्तर बहुत ही घटिया है। इस पर न तो राज्य सरकारें गंभीरता से ध्यान दे रही हैं और न ही केंद्र सरकार, जिसकी कई परियोजनाएं राज्यों में जारी रहती हैं। ऐसा लगता है कि किसी का इस पर ध्यान ही नहीं कि यदि बुनियादी ढांचे से जुड़े निर्माण की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जाएगा तो जैसा हादसा मंडी अथवा शिमला में हुआ, वैसे होते ही रहेंगे और उनका दोष प्रकृति पर मढ़कर कर्तव्य की इतिश्री कर ली जाएगी। बात केवल हिमाचल की ही नहीं है, उत्तराखंड में भी कुछ स्थानों पर भूस्खलन होने से तीर्थयात्री संकट में पड़े हैं। आने वाले दिनों में इस तरह के दुखद समाचार रह-रहकर देखने-सुनने को मिल सकते हैं। ऐसे समाचार देश के गैर पर्वतीय राज्यों से भी आएंगे, क्योंकि तनिक सी बरसात बुनियादी ढांचे के निर्माण की पोल खोलने का काम करती है। पोल मुंबई जैसे महानगरों के शहरी ढांचे की भी खुलती है और देश की राजधानी दिल्ली की भी। इसका कोई मतलब नहीं कि हम बार-बार विकसित भारत की बात करें, लेकिन सरकारी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की अनदेखी करें और मानक होते हुए भी उनका पालन न करें। इस तरह से तो हम विकसित देश नहीं बन सकते। ज्यादा बारिश, भूस्खलन आदि की घटनाएं विकसित देशों में भी होती हैं, लेकिन वहां सरकारी एवं निजी लोगों की ओर से कराए गए निर्माण कार्य की गुणवत्ता बेहतर होती है। इसीलिए वहां हादसे और उनमें जान गंवाने वाले लोगों की संख्या कम होती है। पता नहीं क्यों हम विकसित देशों से कुछ सीखने से क्यों इन्कार कर रहे हैं? इस इन्कार के लिए राज्यों और केंद्र सरकारों के साथ उनकी नौकरशाही सीधे तौर पर जिम्मेदार है। बुनियादी ढांचे के निर्माण से जुड़े सरकारी विभाग भयंकर किस्म के भ्रष्टाचार से ग्रस्त हैं। इसी कारण नए बने भवन में लीकेज होने लगता है और पुल उद्घाटन से पहले ही ढह जाते हैं। इस सच से पहले के नीति नियंता भी अवगत थे और वर्तमान के भी।

## आज का विचार

आज हमारे जीवन में परिवर्तन
इसलिए नहीं आ पा रहे
क्योंकि जीवन से चिंतन
निकल गया है
...और चिंता का प्रवेश हो गया है।

भारत संवाद




**मेष राशि** : करियरः सुबह से कामकाज में व्यस्तता बनी रहेगी, कार्यक्षेत्र में दौड़-भाग रहेगी. बिजनेसः एक से अधिक स्त्रोतों से धन मिलने की संभावना है. धनः आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, लेकिन अनावश्यक चिंता से बचें. शिक्षाः पढ़ाई से ध्यान भटक सकता है, मन शांत रखें.

**वृषभ राशि** : करियरः नए प्रोजेक्ट पर काम की शुरूआत करेंगे, सीनियर्स का सहयोग मिलेगा. बिजनेसः कोई नया पार्टनरशिप आइडिया काम आ सकता है. धनः दिन लाभदायक रहेगा, लेकिन सोच समझकर खर्च करें. शिक्षाः अपनी रुचि के नए विषय में पढ़ाई शुरू कर सकते हैं.

**मिथुन राशि** : करियरः किसी पुरानी फाइल से आज लाभ मिल सकता है. बिजनेसः संपत्ति विवाद में जीत के योग बनेंगे. धनः आमदनी बढ़ेगी और रुका हुआ पैसा मिल सकता है. शिक्षाः पढ़ाई में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी.

लव/पारिवारिकः जीवनसाथी के साथ संबंध बेहतर होंगे, तनाव समाप्त होगा.

**कर्क राशि** : करियरः कार्यस्थल पर कुछ नई योजनाएं शुरू कर सकते हैं. बिजनेसः अतिरिक्त आय के स्त्रोत बनेंगे. धनः आय में वृद्धि होगी, पर खर्चों पर संयम रखें. शिक्षाः आत्मविश्वास के साथ तैयारी करेंगे तो बेहतर परिणाम मिलेंगे.

**सिंह राशि**: करियरः करियर में बड़ी सफलता के संकेत, प्रमोशन की सूचना मिल सकती है. बिजनेसः विदेश व्यापार से जुड़े लोगों को लाभ मिलेगा.धनः अचानक से धन लाभ होगा. शिक्षाः छात्रों को पढ़ाई में सफलता मिलेगी, मनोबल ऊँचा रहेगा.

**कन्या राशि** : करियरः कार्यक्षेत्र में विरोधियों से सतर्क रहें.बिजनेसः निवेश से लाभ मिलेगा लेकिन जल्दबाजी से बचें.धनः कुछ अनावश्यक खर्च बढ़ सकते हैं.

**तुला राशि**: करियरः मेहनत का अच्छा फल मिलेगा, पदोन्नति के योग हैं. बिजनेसः आपकी छवि सकारात्मक बनेगी, नए क्लाइंट जुड़ सकते हैं. धनः आय के स्त्रोत बढ़ेंगे.शिक्षाः पढ़ाई में रुचि रहेगी, किसी प्रतियोगिता में सफलता मिल सकती है.

**वृश्चिक राशि**: करियरः कार्यों में सुधार करेंगे, सफलता मिलेगी. बिजनेसः नए काम की शुरूआत करना शुभ रहेगा. धनः खर्च और निवेश में संतुलन रखें. शिक्षाः पढ़ाई में लापरवाही से नुकसान हो सकता है. लव/पारिवारिकः जीवनसाथी से छोटी बात पर बहस हो सकती है.

**धनु राशि**: करियरः कामकाज में सुधार होगा, पुराने काम पूरे करेंगे.बिजनेसः व्यापार में लाभ की स्थिति रहेगी. धनः खर्च ज्यादा होंगे लेकिन आमदनी भी बनी रहेगी. शिक्षाः पढ़ाई में ध्यान लगेगा, आत्मविश्वास बढ़ेगा.

**मकर राशि**: करियरः सामाजिक कार्यों में सम्मान मिलेगा. बिजनेसः व्यापार में नए समझौते होंगे. धनः आर्थिक स्थिति मजबूत होगी. शिक्षाः प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में सफलता मिलेगी.

**कुंभ राशि** : करियरः इंटरव्यू या नई नौकरी से अच्छी खबर मिल सकती है. बिजनेसः जमीन-जायदाद से लाभ होगा. धनः रुका हुआ पैसा मिलेगा, निवेश से भी लाभ होगा. शिक्षाः छात्रों को मार्गदर्शन मिलेगा, एकाग्रता बढ़ेगी.

**मीन राशि** : करियरः कार्यक्षेत्र में विवाद से बचें. बिजनेसः किसी ग्राहक से विवाद की संभावना है, शांति बनाए रखें. धनः निवेश से लाभ होगा लेकिन वाहन चलाते समय सावधानी रखें. शिक्षाः छात्रों को मेहनत ज्यादा करनी होगी. लव/पारिवारिकः संतान से शुभ समाचार मिलेगा, लव लाइफ बेहतर होगी. उपायः मंदिर में दूध-सेब का दान करें. लकी कलरः क्रीम लकी नंबरः 11

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# विश्व शांति के लिए भी खतरा है पाकिस्तान, सामने आई पड़ोसी देश की मंशा

**पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने भारत-पाकिस्तान के संबंधों को प्रभावित किया है। हमले में पर्यटकों की धार्मिक पहचान पूछकर हत्या की गई। लश्कर के संगठन टीआरएफ ने इसकी जिम्मेदारी ली। इस घटना का उद्देश्य जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था को अस्थिर करना था। भारत ने आर्थिक और कूटनीतिक कदम उठाकर पाकिस्तान को जवाब दिया।**



पा पहलगाम के आतंकी हमले ने द्विपक्षीय समीकरण ही नहीं, बल्कि समूचे दक्षिण एशिया में संबंधों के तानेबाने को प्रभावित किया है। इस हमले ने आतंक की नीति को जारी रखने वाली पाकिस्तानी मंशा को प्रकट किया था। पर्यटकों से उनकी मजहबी पहचान पूछकर की गई हत्याओं को लश्कर के पिट्ठू संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट यानी टीआरएफ ने अंजाम दिया। इसे केवल एक नरसंहार के रूप में न देखा जाए। यह भू-राजनीतिक उकसावे की एक सुनियोजित कार्रवाई थी। इसने जहां आतंक को पालने-पोसने वाले पाकिस्तान के कलंकित इतिहास को दोहराया, वहीं इसके पीछे की एक मंशा जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा ढांचे को अस्थिर करने की भी थी। वैश्विक निगरानी और अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद पाकिस्तान ने अपनी जमीन पर संचालित आतंकी ढांचे को समाप्त नहीं किया है। पहलगाम हमला भी उसी पुराने ढर्रे पर किया गया, जहां सेना-आइएसआइ की आतंकी करतूत से इस्लामाबाद ने आदतन किनारा कर लिया। इसमें किसी को कोई संदेह नहीं हो सकता कि पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व की हरी झंडी के बिना ऐसे किसी हमले को अंजाम दिया गया होगा। पहलगाम हमले के बाद भारत ने आर्थिक, कूटनीतिक और सामरिक मोर्चों पर बहुत कारगर कदम उठाए और पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। दूसरी ओर, पाकिस्तान लकीर पीटने वाले ढर्रे पर चलते हुए बस शेखी बघारता रहा। भारत ने जहां सिंधु जल समझौते को ठंडे बस्ते में डालकर पाकिस्तान और उसकी आर्थिकी की कमर तोड़ने वाला दांव चला, वहीं पाकिस्तान शिमला समझौते से पीछे हटने का निरर्थक राग अलापता रहा। कश्मीर में दशकों की अस्थिरता से उबरते हुए पटरी पर आ रही पर्यटन गतिविधियां आतंकी हमले के बाद फिर से अनिश्चितता के भंवर में फंस गई हैं। हालांकि इसका आर्थिक खामियाजा जम्मू-कश्मीर से परे समूचे दक्षिण एशिया को भुगतना पड़ रहा है। इस पृष्ठभूमि में भारत-पाकिस्तान, दोनों ने व्यापार, निवेश और वीजा आदि के मोर्चे पर जो कदम उठाए हैं, उससे क्षेत्रीय सहयोग के साथ ही आर्थिक-व्यापारिक गतिविधियों पर भी ग्रहण लगा है। इस तरह एक देश की आतंक समर्थक नीतियों की कीमत पूरे क्षेत्र को अपनी शांति एवं समृद्धि गंवाने के रूप में चुकानी पड़ रही है। यहां तक कि पाकिस्तान के इस रवैये का दंश वहां की जनता को भी भुगतना पड़ रहा है। उसे फर्जी राष्ट्रवाद की घुट्टी पिलाई जा रही है। भले ही पाकिस्तान खुद को आतंक से पीड़ित दिखाने का प्रयास करता रहे, लेकिन उसकी पहचान आतंक से निपटने में शिथिलता दिखाने वाले देश की ही है। करीब ढाई माह पुराने पहलगाम हमले ने आतंकी गतिविधियों के मामले में पाकिस्तान को लेकर अंतरराष्ट्रीय चिंताओं को नए सिरे से उभारने का काम किया है। पूर्व में पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में रखने वाली एफएटीएफ जैसी संस्था के समक्ष भी पाकिस्तान पर अंकुश लगाने का दबाव बढ़ेगा। इससे पाकिस्तान की छवि और खराब होगी। आर्थिक निवेश और विकास को लेकर उसकी उम्मीदों को पलीता लगेगा। पहलगाम हमला पाकिस्तान के आतंकी चरित्र में एक खतरनाक बदलाव का भी परिचायक है। 2001 की शुरूआत से पाकिस्तान पोषित आतंकियों ने मुख्य रूप से जम्मू क्षेत्र को निशाना बनाते हुए सैन्य बलों पर ही हमले किए। अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद पहलगाम हमला कश्मीर में हुई पहली बड़ी आतंकी वारदात रही। हिंदुओं को निशाना बनाने के पीछे भी कुत्सित सोच एकदम स्पष्ट रहा कि देश में सामाजिक वैमनस्य बढ़े और कश्मीर में सरकार का विकास एजेंडा पटरी से उतरे। भारत ने इसे बखूबी समझा। इसका असर हमले के बाद की प्रतिक्रिया में भी झलका। भारत ने बहुस्तरीय रणनीति अपनाते हुए खुफिया मोर्चे को और चाकचौबंद किया, जमीनी स्तर पर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती बढ़ाई और किसी भी संभावित आतंकी हमले को निस्तेज करने के लिए अभियान तेज किए, विशेष तौर पर अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा को लेकर। चूंकि जम्मू-कश्मीर में अभी भी सैकड़ों पाकिस्तान समर्थक आतंकी सक्रिय हैं, इसलिए सुरक्षा बलों की चुनौती काफी कड़ी होने वाली है। इस समय भले ही दोनों देशों के बीच युद्धविराम जैसी स्थिति हो, लेकिन पाकिस्तान अपने आतंकी पिट्ठुओं को एक रणनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करता रहेगा। भारत ने जिस तरह सिंधु जल समझौते को स्थगित रखने की दृढ़ता दिखाई है, उसके चलते इसकी भरी-पूरी आशंका है कि आतंकी जम्मू-कश्मीर में किसी अहम इन्फ्रास्ट्रक्चर ढांचे को निशाना बनाएं ताकि भारत सरकार कुछ दबाव में आए और कश्मीर का मुद्दा अंतरराष्ट्रीय पटल पर छाए। भारत ने इरादे एकदम स्पष्ट कर दिए हैं कि भविष्य में कोई आतंकी हमला युद्ध के लिए उकसाने वाले कृत्य के रूप में देखा जाएगा। किसी हमले की सूरत में दोनों देश फिर से आमने-सामने आ सकते हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय दबाव और संभावित मध्यस्थता प्रयासों के लिए गुंजाइश बनेगी। यह भी एक पहलू है जो पाकिस्तान की नापाक कश्मीर नीति से जुड़ा है। भारत के दृष्टिकोण से पहलगाम हमला केवल एक त्रासदी भर नहीं, बल्कि एक निर्णायक मोड़ रहा। ऐसा मोड़, जिसने भविष्य में किसी भी पाकिस्तानी आतंकी कृत्य से निपटने की उसकी दिशा को निर्धारित किया है। पाकिस्तान के आतंकी चरित्र ने न केवल दक्षिण एशिया की शांति में खलल डाला है, बल्कि वैश्विक सुरक्षा के लिए भी वह नासूर बन गया है। उससे निपटने की आधी-अधूरी कार्रवाई से बात नहीं बनने वाली। उसके साथ कूटनीतिक सक्रियता का समय भी अब निकल गया।

पाकिस्तान में सक्रिय आतंकी ढांचे को ध्वस्त किए बिना दक्षिण एशिया में शांति संभव नहीं। समय आ गया है कि पाकिस्तान को केवल पहलगाम के लिए ही नहीं, बल्कि दशकों से चले आ रहे छद्म युद्ध में गंवाई हर एक जान के लिए जिम्मेदार और जवाबदेह बनाकर न्याय के कठघरे में खड़ा किया जाए।

# दलाई लामा के चयन पर चीन का साजिशपूर्ण हस्तक्षेप

ललित गर्ग

तिब्बत के आध्यात्मिक नेता एवं वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो की उत्तराधिकार प्रक्रिया न केवल बौद्ध धर्म और तिब्बत की संस्कृति से जुड़ा विषय है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय राजनीति, मानवाधिकार और भारत-चीन संबंधों के संदर्भ में भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। चीन द्वारा इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का प्रयास न केवल धार्मिक स्वतंत्रता का हनन है, बल्कि यह वैश्विक जनमत की भी अवहेलना है। इन स्थितियों में उत्तराधिकार के मसले पर भारत की भूमिका एक निर्णायक मार्गदर्शक के रूप में उभरती है और इसे दृष्टि में रखते हुए भारत ने दलाई लामा का पक्ष लिया है। ऐसा करने में कुछ भी अप्रत्याशित नहीं हैं। भारत शुरू से तिब्बतियों के अधिकार, उनके हितों और उनकी परंपराओं व मूल्यों के समर्थन में खड़ा रहा है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का बयान चीन के लिए यह संदेश भी है कि इस संवेदनशील मसले पर उसकी मनमानी नहीं चलेगी।

चीन, दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहा है, यह दावा करते हुए कि यह धार्मिक और ऐतिहासिक प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि, दलाई लामा और तिब्बती समुदाय का कहना है कि यह अधिकार केवल उनके पास है और चीन का हस्तक्षेप धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। चीन, ह्यस्वर्ण कलशह्व प्रणाली का उपयोग करके अपने पसंदीदा उम्मीदवार को स्थापित करना चाहता है। चीन का कहना है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार उसे ह्यस्वर्ण कलशह्व प्रणाली के माध्यम से है, जो 1793 में किंग राजवंश के समय से चली आ रही है। इस प्रणाली में, संभावित उत्तराधिकारियों के नाम एक कलश में डाले जाते हैं और फिर एक नाम निकाला जाता है।

दलाई लामा केवल तिब्बत के



धार्मिक नेता नहीं हैं, वे तिब्बती अस्मिता, स्वतंत्रता और आत्म-सम्मान के प्रतीक हैं। वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो, 1959 में चीन की दमनकारी नीतियों के कारण तिब्बत छोड़कर भारत आए और धर्मशाला में निर्वासित तिब्बती सरकार की स्थापना हुई। भारत ने न केवल उन्हें शरण दी, बल्कि एक शांतिपूर्ण संघर्ष के पथप्रदर्शक के रूप में वैश्विक स्तर पर उनके विचारों को मंच भी प्रदान किया। वर्तमान दलाई लामा ने इस पद के लिए अगले शख्स को चुनने की सारी जिम्मेदारी गाडेन फोडरंग ट्रस्ट को दे दी है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में किसी और को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। उनका इशारा चीन की ओर था। रिजिजू ने भी इस बात का समर्थन किया है। वहीं, चीन ने इस मसले में साजिशपूर्ण हस्तक्षेप करते हुए कहा है कि उत्तराधिकारी का चयन चीनी मान्यताओं के अनुसार और पेइचिंग की मंजूरी से होना चाहिए। चीन दलाई लामा की उत्तराधिकार प्रक्रिया पर नियंत्रण चाहता है ताकि तिब्बती जनता को अपने ही धार्मिक नेता से अलग किया जा सके। 2007 में चीनी सरकार ने एक ह्यधार्मिक मामलों पर नियंत्रण कानूनह्व लागू किया जिसके अंतर्गत दलाई लामा जैसे धार्मिक नेताओं की नियुक्ति भी राज्य की अनुमति से ही संभव बताई गई। यह न केवल बौद्ध धर्म के सिद्धांतों के विरुद्ध है, बल्कि यह तिब्बती जनता की आस्था और पहचान का गला घोंटने जैसा है। 1959 में जब दलाई लामा को कम्युनिस्ट सरकार के दमन के चलते भारत में शरण लेनी पड़ी थी, तब से हालात बिल्कुल बदल गए हैं- चीन बेहद ताकतवर हो चुका है और तिब्बत कमजोर। इसके बाद भी अगर तिब्बत का मसला जिंदा है, तो वजह हैं दलाई लामा। चीन इसे समझता है और इसी वजह से इस पद पर अपने प्रभाव वाले किसी शख्स को बैठाना चाहता है। चीन की योजना यह है कि जब वर्तमान दलाई लामा का देहांत हो, तो वह अपनी पसंद का एक ह्यदलाई लामाह्व घोषित करे, जिसे वैश्विक समुदाय भले ही स्वीकार न करे, लेकिन चीन उसकी पहचान को जबरन वैधता प्रदान करे। यह एक ह्लराजनीतिक कठपुतलीह्व खड़ी करने जैसा है, जिससे तिब्बत पर उसका शासन वैचारिक रूप से मजबूत हो सके। लेकिन भारत, जो दलाई लामा और तिब्बती निर्वासित समुदाय का स्वागत करता रहा है, अब उस नाजुक मोड़ पर है जहाँ केवल नैतिक समर्थन पर्याप्त नहीं होगा। चीन की विस्तारवादी नीति और आक्रामक कूटनीति को देखते हुए भारत को अपनी रणनीतिक स्थिति स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करनी होगी। चीन ने तिब्बत की पहचान को मिटाने की हर मुमकिन कोशिश कर ली है। दलाई लामा के पद पर दावा ऐसी ही एक और कोशिश है। उसकी वजह से यह मामला धर्म से आगे बढ़कर वैश्विक राजनीति का रूप ले चुका है, जिसका असर भारत और उन तमाम जगहों पर पड़ेगा, जहां तिब्बत के लोगों ने शरण ली है। भारत पर तो चीन लंबे समय से दबाव डालता रहा है कि वह दलाई लामा को उसे सौंप दे। चीन और तिब्बत की लड़ाई भारतीय भूमि पर दशकों से चल रही है और नई दिल्ली-पेइचिंग के बीच तनाव का एक बड़ा कारण बनती रही है। दलाई लामा की घोषणा के अनुसार, उनका उत्तराधिकारी तिब्बत के बाहर का भी हो सकता है- अनुमान है कि भारत में मौजूद अनुयायियों में से कोई एक, तो यह तनाव और बढ़ सकता है। लेकिन, इसमें भारत के लिए मौका भी है। वह चीन पर कूटनीतिक दबाव डाल सकता है, जो पहलगाम जैसी घटना में भी पाकिस्तान के साथ खड़ा रहा और बॉर्डर से लेकर व्यापार तक, हर जगह राह में रोड़े अटकाने में लगा है।

धर्मशाला, जहाँ वर्तमान दलाई लामा रहते हैं, अब विश्व स्तर पर तिब्बती संस्कृति एवं बौद्ध परंपराओं का केंद्र बन गया है। भारत को इस केंद्र को आधिकारिक मान्यता देनी चाहिए और संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर इस धार्मिक स्वतंत्रता के प्रश्न को उठाना चाहिए। अब जबकि दलाई लामा स्वयं कह चुके हैं कि उनके उत्तराधिकारी का चयन भारत में हो सकता है तो भारत सरकार को इस पर एक स्पष्ट नीति बनानी चाहिए कि वह चीन द्वारा घोषित किसी भी नकली दलाई लामा या अनुचित हस्तक्षेप को मान्यता नहीं देगा। भारत को अमेरिका, जापान, यूरोपीय संघ जैसे लोकतांत्रिक देशों के साथ समन्वय स्थापित करके इस विषय पर वैश्विक समर्थन, कूटनीतिक दबाव और अंतरराष्ट्रीय समन्वय तैयार करना चाहिए। अमेरिका भी पहले ही कह चुका है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी केवल तिब्बती परंपराओं के अनुसार चुना जाएगा। अमेरिका में तिब्बती बौद्धों की धार्मिक स्वायत्तता को लेकर डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी दोनों ही मुखर रही हैं। इतना ही नहीं अमेरिकी सरकार अगले दलाई लामा के चयन में चीन के दखल को भी अमान्य करार देती आई है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक माओत्से तुंग की कमान में चीनी सेना लंबे समय तक तिब्बत पर कब्जे की कोशिश में जुटी रही।

# देश की स्त्रियों के मूल-भूत अधिकारों पर बड़ा सवाल

संजीव ठाकुर

देश की विशाल जनसंख्या में बहुत बड़े प्रतिशत की भागीदारी रखने वाली राष्ट्र की संवेदनशील माताएं ,बहने अपने मूल तथा सार्थक अधिकार की तलाश में अभी भी संविधान और सरकार की तरफ आस लगाए इंतजार में बैठी हुई है। स्त्रियों का एक बड़ा तबका अभी भी अपनी स्वतंत्रता एवं मौलिक अधिकार से वंचित है। महिलाओं का विकास जितना विशाल आभासी रूप से दिखाया जा रहा है, वास्तविकता एवं धरातल पर स्थिति वैसी नहीं है। महिलाओं के भौतिक रूप से विकास के लिए एक जन अभियान और पृथक समेकित योजना की आवश्यकता देश में होगी तब जाकर महिलाओं के सशक्तिकरण की बात अपनी मूल भावना को प्राप्त कर पाएगा।

भारतीय गणतंत्र में 15वीं राष्ट्रपति के रूप में महामहिम द्रौपदी मुर्मू जी के पदासीन होने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण और आदिवासी महिलाओं के लिए विकास के नए द्वार खुलने की संभावनाएं बलवती हो गई हैं। माननीय राष्ट्रपति को महिलाओं के संघर्ष, जिजीविषा और नैतिक मूल्यों की पोषक होने का पर्याय माना जा रहा है। उनके राष्ट्रपति पदासीन होने के साथ-साथ आदिवासी वर्ग में और खासकर समग्र रूप से महिलाओं में नई ऊर्जा,शक्ति तथा उत्साह का संचार हुआ है। अब भारत देश के क्रमिक विकास में महिलाओं की भागीदारी में निश्चित तौर पर इजाफा होना चाहिए, आदिवासी महिला के सर्वोच्च राष्ट्रपति जैसे गरिमामई पद में चयन होना भारतीय लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है। वर्तमान में भारत की विशाल जनसंख्या में 45% से 50% भागीदारी महिलाओं की है। महिलाओं को अभी उनके हक का अधिकार एवं भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो पा रही है, ऐसे में रक्षा प्रतिरक्षा क्षेत्र में महिलाओं की भर्ती एक अच्छे संकेत के रूप में सामने आ रही है आज के समय में महिलाएं सभी क्षेत्रों में साहस, शौर्य और ऊर्जा का बेहतरीन प्रदर्शन करते आ रही हैं, महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर काम में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। अब इसमें सशस्त्र बलों यानी डिफेंस सर्विस भी अछूता नहीं रहा सबसे बड़ी बात स्वतंत्र भारत की दूसरी रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण बनी थी इसके पूर्व श्रीमती इंदिरा गांधी प्रथम रक्षा मंत्री रही थी अब कोई भी क्षेत्र ऐसा अछूता नहीं रहा जहां महिलाओं ने अपनी सशक्त दस्तक ई पहचान ना कराई हो, यह तो पूर्व से ही कहा गया है यदि आप एक पुरुष को शिक्षित करते हैं तो सिर्फ एक पुरुष शिक्षक होता है किंतु यदि आप किसी महिला को सर्वांगीण शिक्षा देते हैं तो आने वाली संपूर्ण पीढ़ी को शिक्षित कर रहे हैं ।नारी शक्ति को अब ज्यादा दिनों तक देश की प्रगति विकास के योगदान से परे नहीं रखा जा सकता है परिवार की धुरी महिलाएं होती है परिवार से घर बनता है धर से समाज और समाज और संपूर्ण समाज से एक सशक्त राष्ट्र की बुनियाद रखी जाती है। इस तरह देश की बुनियाद ही स्त्री सशक्तिकरण है महिलाएं अच्छी तरह समझती हैं कि घर से लेकर देश की सीमा तक उन्हें व्यवहार कर देश के विकास और उसकी रक्षा में उन्हें किस तरह योगदान देना है। महिलाओं के बिना देश की प्रगति एवं विकास की कल्पना सर्वथा बेमानी है सशक्त माताएं सशक्त राष्ट्र का निर्माण करती हैं और सीमा रक्षा बलों में महिलाओं की भागीदारी इसका एक बड़ा उदाहरण और प्रतिफल है इन उदाहरणों में से प्रथम लेफ्टिनेंट सुनीता अरोड़ा ,प्रथम एयर मार्शल पद्मावती बंदोपाध्याय ,कैप्टन मिताली मधुमिता ,भारत में आए अमेरिकी राष्ट्रपति को गार्ड ऑफ ऑनर देने वाली प्रथम विंग कमांडर पूजा ठाकुर ऐसे अधिकारियों के नाम है ।

# 'बालासाहेब मुझे आशीर्वाद दे रहे होंगे', ठाकरे बंधुओं के साथ आने पर बोले फडणवीस

**महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को टठर प्रमुख राज ठाकरे पर कटाक्ष किया। उन्होंने राज ठाकरे की उस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी जिसमें राज ठाकरे ने कहा था कि फडणवीस ने ठाकरे बंधुओं को फिर से मिलाने में भूमिका निभाई। फडणवीस ने कहा कि बालासाहेब ठाकरे मुझे आशीर्वाद दे रहे होंगे।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के प्रमुख उद्धव ठाकरे और मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे अब एक हो गए हैं। ठाकरे बंधुओं ने शनिवार को मुंबई के वर्ली डोम हॉल में संयुक्त रैली की। इस रैली में मंच पर केवल ठाकरे बंधु ही थे। दोनों ठाकरे बंधुओं ने आज भाषण दिए। इस दौरान हॉल और हॉल के बाहर दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता जमा हो गए थे। भीड़ इतनी बढ़ गई थी कि कार्यकर्ता गेट तोड़कर अंदर घुस गए। इस रैली में राज ठाकरे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस की आलोचना की। राज ठाकरे ने कहा कि हम दोनों भाई देवेंद्र फडणवीस की वजह से एक साथ आए हैं। उद्धव ठाकरे ने भी देवेंद्र फडणवीस की कड़ी आलोचना की। उद्धव ठाकरे ने कहा कि अन्नाजी पंत की वजह से हमारे बीच की दरार दूर हुई। दोनों ठाकरे बंधुओं की रैली पर देवेंद्र फडणवीस ने अपनी पहली प्रतिक्रिया दी।

## फडणवीस ने क्या कहा?

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि पहली बार मैं राज ठाकरे को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने मुझे दो भाइयों को साथ लाने का श्रेय दिया। मुझे आदरणीय बालासाहेब ठाकरे का आशीर्वाद मिल रहा होगा।

# ठाकरे बंधुओं की रैली हिंदू विरोधी और जिहादी सोच से प्रेरित : नितेश राणे

**नितेश राणे उद्धव ठाकरे के धुर विरोधी माने जाने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के पुत्र हैं। हालांकि, भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने ठाकरे बंधुओं की रैली को लेकर अलग विचार व्यक्त किए।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबईः महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने मुंबई में ठाकरे बंधुओं (उद्धव और राज) की संयुक्त रैली को लेकर शनिवार को उन पर निशाना साधते हुए इस रैली को हिंदू विरोधी और जिहादी सोच से प्रेरित करार दिया। राणे ने आरोप लगाया कि उद्धव और राज की इस संयुक्त रैली का उद्देश्य समाज को बांटना और राज्य को कमजोर करना है। दो दशक के बाद उद्धव और राज ने शनिवार को सार्वजनिक मंच साझा किया और आवाज मराठीचा नामक विजय सभा का आयोजन किया जिसका उद्देश्य राज्य के स्कूलों में कक्षा एक से तीसरी के रूप में हिंदी को शामिल करने संबंधी सरकार द्वारा पहले जारी किए गए दो सरकारी आदेशों को वापस लेने का जश्न मनाना था। राणे ने इस रैली से एक दिन पहले शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, हम हिंदू हैं और मराठी होने पर गर्व करते हैं। जिस तरह से जिहादी हमारे समाज को बांटने की कोशिश करते हैं, ये लोग भी वैसा ही कर रहे हैं। चाहे वह हिंदू राष्ट्र के विचार के खिलाफ काम करने वाले (प्रतिबंधित) पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) हो या स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी), ये दोनों (उद्धव और राज ठाकरे) कोई अलग नहीं हैं। ये लोग महाराष्ट्र को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता राणे ने ठाकरे बंधुओं की संयुक्त रैली पर निशाना साधते हुए कहा, वर्ली की सभा का उद्देश्य हिंदुओं और मराठी लोगों को बांटना है। इसकी तुलना ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम), पीएफआई या सिमी की रैलियों से की जा सकती है। इससे राज्य में हिंदुओं को सबसे ज्यादा नुकसान होगा। रैली के बाद नल बाजार (मुंबई का एक मुस्लिम बहुल क्षेत्र) में मिठाई बांटी जाएगी और पटाखे फोड़े जाएंगे। राज्य के मत्स्य पालन एवं बंदरगाह विकास मंत्री ने आरोप लगाया कि यह हिंदू विरोधी रैली है। नितेश राणे उद्धव ठाकरे के धुर विरोधी माने जाने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के पुत्र हैं। हालांकि, भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने ठाकरे बंधुओं की रैली को लेकर अलग विचार व्यक्त किए। मुनगंटीवार ने कहा, अगर राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे साथ आ रहे हैं तो यह अच्छी बात है। उन्हें हमारी शुभकामनाएं हैं। दोनों भाइयों को एक होना चाहिए और एक रहना चाहिए। यदि आवश्यक हो तो दोनों पक्षों को विलय पर भी विचार करना चाहिए।

फास्ट ट्रैक

# पहली आरक्षण चार्ट की मैनुअल तैयारी 10 जुलाई 2025 से प्रारंभ होगी

**प्रभावी संचालन हेतु संशोधित चार्टिंग समय सारणी लागू**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रेलवे बोर्ड के नवीनतम निदेशों के अनुपालन में, मध्य रेल के भुसावल मंडल में सभी ट्रेनों के लिए पहली आरक्षण चार्ट की मैनुअल तैयारी की प्रक्रिया 10 जुलाई 2025 से यात्रा प्रारंभ दिनांक (JCO) से लागू की जा रही है। यह पहल परिचालन क्षमता को बढ़ाने और स्रोत तथा दूरस्थ स्थानों पर समय पर चार्ट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की जा रही है।

### संशोधित चार्टिंग समयानुसार:

जिन ट्रेनों का प्रस्थान समय सुबह 05:00 बजे से दोपहर 14:00 बजे के बीच है, उनके लिए पहली चार्ट पिछले दिन रात 21:00 बजे तक तैयार की जाएगी। जिन ट्रेनों का प्रस्थान समय 14:00 बजे से 23:59 बजे के बीच है, उनके लिए पहली चार्ट प्रस्थान से कम से कम 8 घंटे पूर्व तैयार की जाएगी। जिन ट्रेनों का प्रस्थान 00:00 बजे से 05:00 बजे के बीच है, उनके लिए भी चार्टिंग प्रस्थान से कम से कम 8 घंटे पूर्व की जाएगी। दूसरी आरक्षण चार्ट की तैयारी की वर्तमान प्रक्रिया में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। वह यथावत जारी रहेगी। यह सक्रिय पहल भारतीय रेल की यात्री सेवा के सुव्यवस्थित संचालन और बेहतर तैयारी की प्रतिबद्धता को दशार्ती है, जिससे रेलवे कर्मचारियों एवं यात्रियों–दोनों को लाभ मिलेगा।

# मनसे के हमले के बाद सुशील केडिया के तेवर नरम, मराठी भाषा वाले कमेंट के लिए माफी मांगी, राज को 'हीरो' कहा

**मराठी भाषा को लेकर गुजरात के कारोबारी सुशील केडिया के विवादास्पद पोस्ट के बाद मनसे ने उनके वर्ली स्थित कार्यालय में तोड़फोड़ की। इस घटना के कुछ ही घंटों के भीतर कारोबारी सुशील केडिया ने मनसे प्रमुख राज ठाकरे से सार्वजनिक रूप से माफी मांगी।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मराठी भाषा को लेकर विवादित पोस्ट करने के बाद महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकताओं ने निवेशक और मेंटर सुशील केडिया के वर्ली स्थित दफ्तर पर धावा बोल दिया। इसके कुछ ही घंटों बाद सुशील केडिया ने राज ठाकरे से सार्वजनिक तौर पर माफी मांग ली है। केडिया ने अब राज ठाकरे की तारीफ करते हुए उन्हें 'हीरो' बताया है।



इतना ही नहीं उन्होंने यह भी साफ किया है कि मराठी भाषा को लेकर ट्वीट करते वक्त उनका मूड ठीक नहीं था। इसलिए अब इस मामले में ट्विस्ट आ गया है। सुशील केडिया ने मांगी माफीदफ्तर पर हमले के बाद सुशील केडिया ने अपने एक्स हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट कर माफी मांगी है। केडिया ने कहा कि मैंने उस स्थिति में ट्वीट किया था जब मेरा मूड ठीक नहीं था और मैं तनाव में था। मराठी न जानने वालों के खिलाफ हो रही हिंसा के कारण मैं मानसिक दबाव में आ गया था, इसीलिए मैंने उग्रवादी प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दी थीं, मुझे एहसास हुआ कि मुझे अपनी उग्रवादी प्रतिक्रियाएं वापस ले लेनी चाहिए और पीछे हट जाना चाहिए।'

# जमानत नियम है, लेकिन बाल उत्पीड़न के मामलों में नहीं, नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले व्यक्ति को जमानत देने से इनकार

**पोक्सो अधिनियम बच्चों को यौन अपराधों से कड़ी सुरक्षा प्रदान करने के विधायी इरादे का प्रतिनिधित्व करता है। न्याय के संरक्षक के रूप में न्यायालयों का यह गंभीर कर्तव्य है कि वे यह सुनिश्चित करें कि इस तरह के गंभीर मामलों में जमानत के उदार दृष्टिकोण से यह विधायी उद्देश्य विफल न हो।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



बॉम्बे हाई कोर्ट ने यह कहते हुए कि जमानत वास्तव में नियम है और जेल अपवाद है कहा कि इस सामान्य सिद्धांत को प्रत्येक मामले की विशेष परिस्थितियों के साथ संतुलित किया जाना चाहिए, खासकर बच्चों के खिलाफ अपराधों से निपटने के दौरान। इसलिए अदालत ने पिछले साल मुंबई के अक्सा बीच पर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी 25 वर्षीय छात्र को जमानत देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति अमित बोरकर की पीठ ने कहा कि यद्यपि प्रत्येक आरोपी व्यक्ति को स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार है, यह अधिकार निरपेक्ष नहीं है और इसे न्याय, सार्वजनिक व्यवस्था और पीड़ितों की सुरक्षा के व्यापक हितों के साथ संतुलित किया जाना चाहिए, विशेषकर जब पीड़ित नाबालिग हों। पोक्सो अधिनियम बच्चों को यौन अपराधों से कड़ी सुरक्षा प्रदान करने के विधायी इरादे का प्रतिनिधित्व करता है। न्याय के संरक्षक के रूप में न्यायालयों का यह गंभीर कर्तव्य है कि वे यह सुनिश्चित करें कि इस तरह के गंभीर मामलों में जमानत के उदार दृष्टिकोण से यह विधायी उद्देश्य विफल न हो। न्यायालय ने आगे कहा कि यौन उत्पीड़न के मामलों में बाल पीड़ितों द्वारा झेला गया आघात बहुत बड़ा और दीर्घकालिक है। उन्होंने कहा कि आपराधिक न्याय प्रणाली को उनकी दुर्दशा के प्रति संवेदनशील होना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें आरोपी व्यक्तियों द्वारा डराने-धमकाने या प्रभावित करने के माध्यम से और अधिक उत्पीड़न का सामना न करना पड़े। उपनगरीय मुंबई का एक 17 वर्षीय लड़का नियमित रूप से अपने दोस्त के साथ मछली पकड़ने जाता था और 31 जुलाई, 2024 को भी ऐसा ही कर रहा था। मछली पकड़ने के बाद, दोनों दोस्त समुद्र तट पर बैठे थे, जब शाम करीब 6:30 बजे एक आदमी उनके पास आया और उन्हें झाड़ियों के पास आने के लिए कहा, यह दावा करते हुए कि वहाँ कुछ हुआ है। लड़के हिचकिचा रहे थे, लेकिन जब वह आदमी जिद करने लगा, तो पीड़ित देखने चला गया। जब वे झाड़ियों के पास पहुँचे, तो आरोपी ने उसे पकड़ लिया, जबरन उसके कपड़े उतार दिए और उसकी इच्छा के विरुद्ध और उसकी सहमति के बिना उसके साथ अप्राकृतिक शारीरिक संबंध बनाए। जब पीड़ित रोने लगा तो आरोपी ने अपनी पहचान मयूर वानखेड़े के रूप में बताई और पीड़ित से बेरहमी से कहा कि वह जो कुछ भी हुआ है उसके बारे में किसी को भी बताने के लिए स्वतंत्र है।

# कुछ अमीरों के हाथों में जमा हो रहा पैसा, देश में बढ़ रही गरीबों की संख्या, नितिन गडकरी ने जताई चिंता

**केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को गरीबों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताते हुए कहा कि धन कुछ अमीर लोगों के हाथों में केंद्रित हो रहा है। गडकरी ने नागपुर में एक कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने धन के विकेंद्रीकरण, कृषि, विनिर्माण, कराधान और बुनियादी ढांचे के विकास पर भी बात की।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई/ नागपुरः केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गरीबों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि धन कुछ अमीर लोगों के हाथों में केंद्रित हो रहा है। गडकरी ने नागपुर में एक कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने धन के विकेंद्रीकरण, कृषि, विनिर्माण, कराधान और बुनियादी ढांचे के विकास पर भी बात की। उन्होंने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) को बढ़ावा देने की बात कही। गडकरी ने अर्थव्यवस्था को रोजगार पैदा करने और ग्रामीण क्षेत्रों को विकसित करने के तरीके से विकसित करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्रियों पी वी नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह की उदार आर्थिक नीतियों की सराहना की, लेकिन अनियंत्रित केंद्रीकरण के खिलाफ चेतावनी दी।

## गडकरी ने क्या कहा?

नितिन गडकरी ने कहा कि धीरे-धीरे गरीब लोगों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि धन कुछ अमीर लोगों के हाथों में जमा हो रहा है। ऐसा नहीं होना चाहिए। अर्थव्यवस्था को इस तरह से विकसित करना चाहिए कि रोजगार पैदा हो और गांवों का विकास हो। गडकरी ने कहा कि वे एक ऐसे आर्थिक विकल्प पर विचार कर रहे हैं जो रोजगार पैदा करेगा और अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि धन का विकेंद्रीकरण जरूरी है और इस दिशा में कई बदलाव हुए हैं।

## भारत की आर्थिक स्थिति के बारे में भी बात की

गडकरी ने भारत की आर्थिक स्थिति के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अलग-अलग क्षेत्रों का योगदान बराबर नहीं है। उन्होंने बताया कि विनिर्माण क्षेत्र 22-24 प्रतिशत, सेवा क्षेत्र 52-54 प्रतिशत योगदान देता है। वहीं, कृषि क्षेत्र केवल 12 प्रतिशत योगदान देता है, जिसमें 65-70 प्रतिशत ग्रामीण आबादी शामिल है। गडकरी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) की भूमिका पर भी बात की। उन्होंने कहा कि सीए अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से बदल रही है। अब यह सिर्फ आयकर रिटर्न भरने और जीएसटी जमा करने तक ही सीमित नहीं है।

# मध्य रेल ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए नवीनीकृत डिब्बे के साथ पहली ईएमयू रेक पेश की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक प्रगतिशील कदम उठाते हुए, वरिष्ठ नागरिकों के लिए समर्पित और नवीनीकृत डिब्बे के साथ पहली ईएमयू रेक पेश की है।

मध्य रेल के माटुंगा वर्कशॉप ने मुंबई उपनगरीय नेटवर्क में बुजुर्ग यात्रियों के लिए समर्पित डिब्बे वाली पहली इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (ईएमयू) रेक शुरू की है। रेलवे बोर्ड के निदेर्शों के तत्काल जवाब में, माटुंगा वर्कशॉप की एक समर्पित टीम ने मुंबई छोर से 6वें कोच में एक मध्य सामान डिब्बे को वरिष्ठ नागरिक यात्रियों के लिए समर्पित स्थान में परिवर्तित करके एक ईएमयू रेक पर संरचनात्मक और आंतरिक संशोधनों को अंजाम दिया, जो समावेशी गतिशीलता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह समर्पित डिब्बा वरिष्ठ नागरिकों को विशेष रूप से भीड़भाड़ वाले घंटों के दौरान उपनगरीय ट्रेनों में चढ़ने/उतरने में होने वाली कठिनाई/परेशानी को कम करेगा और एक आरामदायक और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करेगा।

इस नए रेक की विशेषताओं में शामिल हैंः

बैठने की बेहतर संरचनाः तीन 3-सीटर बेंच और दो 2-सीटर यूनिट (9+4 बैठने की क्षमता) के माध्यम से आराम और पहुँच को अनुकूलित किया गया है।

स्टेनलेस स्टील ट्यूबलर विभाजनः डिब्बे के लेआउट को बेहतर बनाने और दृश्यता को सुविधाजनक बनाने के लिए स्थापित किया गया है, जिसमें दृष्टि-स्तर के पैनल और एकीकृत ग्रैब पोल शामिल हैं।

सुरक्षा सुविधाएँः यात्रियों की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए डोरवे फुटबोर्ड पर घुमावदार ऊर्ध्वाधर ग्रैब पोल और दोनों दरवाजे के अंडरफ्रेम पर आपातकालीन सीढ़ियाँ स्थापित की गई हैं।

सौंदर्य सुधारः डिब्बे के अंदर विनाइल रैपिंग दृश्य अपील और माहौल को बढ़ाती है।

इस पहले प्रोटोटाइप के रोलआउट के साथ, मध्य रेल ने वरिष्ठ नागरिकों के आराम के लिए विचारशील बुनियादी ढाँचे के उन्नयन में एक मिसाल कायम की है - इस सुविधा के लिए सभी एटव रेक को परिवर्तित करने की प्रक्रिया शुरू की। मध्य रेल रेलवे प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे में नए मानक स्थापित करना जारी रखता है, जिससे यात्रियों के लिए एक सहज और सुखद यात्रा अनुभव सुनिश्चित होता है और साथ ही परिचालन प्रक्रियाओं को बेहतर दक्षता के लिए अनुकूलित किया जाता है। ये उन्नयन भारतीय रेलवे की यात्री-केंद्रित नवाचार के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं, विशेष रूप से समाज के कमजोर वर्गों के लिए।

# उड़ान भरने से पहले एअर इंडिया का पायलट हुआ बेहोश, बेंगलुरु से दिल्ली के लिए जाने वाला था विमान

**बेंगलुरु से दिल्ली के लिए जाने वाला था विमान**
**एक पायलट के साथ एक मेडिकल इमरजेंसी हुई**




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः एअर इंडिया का एक पायलट बेंगलुरु से दिल्ली के लिए उड़ान भरने से ठीक पहले बेहोश हो गया। पायलट को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। एयरलाइन को यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए दूसरे पायलट की व्यवस्था करनी पड़ी। एअर इंडिया ने पुष्टि की कि चार जुलाई की सुबह हमारे एक पायलट के साथ एक मेडिकल इमरजेंसी हुई। पायलट को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। एयरलाइन को यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए दूसरे पायलट की व्यवस्था करनी पड़ी। एअर इंडिया ने पुष्टि की कि चार जुलाई की सुबह हमारे एक पायलट के साथ एक मेडिकल इमरजेंसी हुई। इसके कारण पायलट बेंगलुरु से दिल्ली के लिए उड़ान एआइ2414 को संचालित करने में असमर्थ था। उसे तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है, लेकिन वे डॉक्टरों की निगरानी में हैं।

# हिंदी का विरोध, मराठी से प्यार, मगर हिंदू-हिंदुस्तान पर बीएमसी चुनाव के लिए एजेंडा सेट कर गए उद्धव-राज ठाकरे

**20 साल बाद मराठी अस्मिता को लेकर एक साथ मंच पर आए राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे ने आगामी बीएमसी चुनाव 2025 के लिए एजेंडा सेट कर दिया। मराठी विजय रैली में दोनों भाइयों ने साफ कर दिया कि वह चुनावों में साथ जाने वाले हैं।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः 20 साल बाद मराठी अस्मिता को लेकर एक साथ मंच पर आए राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे ने बीएमसी चुनाव के लिए एजेंडा सेट कर दिया। मराठी विजय रैली में दोनों भाइयों ने साफ कर दिया कि वह चुनावों में साथ जाने वाले हैं। उद्धव ठाकरे ने हिंदी का विरोध तो किया मगर हिंदू और हिंदुस्तान को अपने एजेंडे में रख लिया। एनसीपी (एसपी) की नेता विजय रैली में शामिल हुईं, मगर कांग्रेस ने इससे दूर रहने का फैसला किया । हालांकि ठाकरे ब्रदर्स की ओर से कांग्रेस को भी न्योता भेजा गया था। उद्धव-राज ठाकरे ने राजनीतिक गठबंधन की नींव रख दीबीएमसी चुनाव को देखते हुए विजय रैली को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विजय रैली के जरिये उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने राजनीतिक गठबंधन की नींव रख दी। हिंदी विरोध के मुद्दे पर एक राजनीतिक रैली को बड़े इवेंट में बदला गया। दोनों भाइयों के समर्थक महाराष्ट्र के अन्य राज्यों से मुंबई बुलाए गए। कार्यकताओं के हाथों में ठाकरे परिवार के नेताओं और ठाकरे ब्रदर्स की पुरानी तस्वीरें रहीं। वर्ली के बीएमसी डोम में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, जिसमें मराठी फिल्म के कलाकारों को भी बुलाया गया। दोनों भाइयों के साथ-साथ आने को ऐतिहासिक बनाने की कोशिश की गई। महायुति की राजनीति में भी फेरबदल की संभावनाइसके बाद महागठबंधन और महायुति की राजनीति में भी फेरबदल होने की संभावना है। मराठी मानुस के मुद्दे पर दोनों भाइयों के 20 साल बाद साथ आने के बाद एकनाथ शिंदे को मुंबई में बैकफुट पर आना पड़ सकता है। एकनाथ शिंदे भी बाला साहेब ठाकरे की उत्तराधिकार पर दावा करते हैं। एक्सपर्ट मानते हैं कि अब बीजेपी को भी निकाय चुनाव में अकेले चुनाव लड़ने का प्लान बदलना होगा। शिवसेना-मनसे का महाराष्ट्र में मराठी और मराठा के नाम पर ध्रुवीकरण का इतिहास रहा है। बाल ठाकरे से दौर से ही शिवसेना इसी एजेंडे पर टिकी है। 2008 में भी चुनावों को उत्तर भारतीय बनाम मराठी बनाने की कोशिश की गई थी।

# पश्चिम रेलवे ने अप्रैल से जून, 2025 के दौरान गहन टिकट जांच अभियानों से 58.79 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



पश्चिम रेलवे द्वारा सभी वैध यात्रियों को सुगम, आरामदायक यात्रा और बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए मुंबई उपनगरीय लोकल ट्रेनों, मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों, पैसेंजर ट्रेनों तथा हॉलिडे स्पेशल ट्रेनों में बिना टिकट/अनियमित यात्रियों पर अंकुश लगाने हेतु निरंतर गहन टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ वाणिज्य अधिकारियों की देखरेख में प्रेरित टिकट जांच दलों द्वारा अप्रैल से जून 2025 की अवधि में विविध टिकट जांच अभियानों के माध्यम से कुल ?58.79 करोड़ की राशि वसूल की गई, जो गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 13% अधिक है, साथ ही रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य से भी 11% अधिक है। इस वसूली में मुंबई उपनगरीय खंड से प्राप्त 15.90 करोड़ की राशि भी शामिल है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जून 2025 के दौरान बिना टिकट/अनियमित यात्रा तथा बिना बुक किए गए सामान से जुड़े 2.42 लाख मामलों का पता लगाकर ?15.24 करोड़ की वसूली की गई। साथ ही, मुंबई उपनगरीय खंड में जून 2025 के महीने में लगभग 90 हजार मामलों का पता लगाकर ?4.19 करोड़ का जुमार्ना वसूला गया। एसी लोकल ट्रेनों में अनधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए भी बार-बार औचक टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों के तहत अप्रैल से जून 2025 की अवधि में लगभग 18,750 अनधिकृत यात्रियों पर जुमार्ना लगाया गया तथा ?63 लाख की वसूली की गई, जो गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 44% अधिक है।

# लाडली बहना योजना को लेकर बड़ी खबर

**2289 सरकारी कर्मचारियों ने सरकार को ठगा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबईः महाराष्ट्र की लाडली बहना योजना को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने विधानसभा में सवाल के लिखित जवाब में स्वीकार किया कि मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना से करीब 2,289 सरकारी कर्मचारी महिलाओं को लाभ मिला है। इस बीच तटकरे ने लिखित उत्तर में यह भी बताया कि इन सभी लाभार्थी महिलाओं का लाभ बंद कर दिया गया है।

## लाडली बहना योजना में कब मिलेंगे 2100 रुपये?

विधायक नितिन राउत, अबू आजमी, मनोज जामसुतकर और अन्य विधायकों ने इस बारे में सवाल पूछा था कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के लाभार्थियों को 2100 रुपये कब मिलेंगे? जवाब में मंत्री तटकरे ने बताया कि सरकार ने इसके लिए जरूरी बजट का प्रावधान कर दिया है और इसे जल्द ही लाभार्थियों को दिया जाएगा। दरअसल महायुति सरकार की मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना को शुरू हुए एक साल हो गया है।

## योजना का क्या है मकसद?

इस योजना का मकसद राज्य की महिलाओं को आर्थिक मदद देना है। पिछली विधानसभा चुनाव में इस योजना ने सरकार को अच्छा समर्थन दिलाने में मदद की थी। हालांकि, इस योजना के लिए अलग-अलग विभागों से पैसे लेने के कारण सरकार की आलोचना भी हो रही है।

पश्चिम रेलवे
एसी चेयर कार तथा एग्जिक्युटिव चेयर कार की रिफर्बिशमेंट
मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, कैरिएज मरम्मत वर्कशॉप, पश्चिम रेलवे, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई – 13 द्वारा **निविदा सूचना क्र. : डब्ल्यूआर-पीएल-एमई-ईएसटी-51809-2, दिनांक : 01.07.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम एवं स्थान** : लोअर परेल कार्यशाला में कार्य के विस्तार के अनुसार शताब्दी और समान प्रकार के कोचेस (एसी एलएचबी चेयर कार तथा एग्जिक्युटिव चेयर कार) कार्य की रिफर्बिशमेंट. **अनुमानित लागत** : रु. 8,98,52,848.04/-, **ईएमडी** : रु. 5,99,300.00/-, **जमा करने की तिथि एवं समय** : 29.07.2025, 11.00 बजे तक, **खुलने की तिथि एवं समय** : 29.07.2025 को 11.30 बजे. बोली प्रपत्र तथा अन्य विवरण जैसे कि शुद्धिपत्र आदि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं. 0358
Like us on : facebook.com/WesternRly

# फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट

## टीपू सुल्तान नाम से फर्जी आईडी चलाने वाला युवक गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज



**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

देवरिया, जिले के लार थाना क्षेत्र में पुलिस ने फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गढ़वाखास निवासी टीपू सुल्तान के रूप में हुई है। वह शौकत शाह का पुत्र है। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी टीपू सुल्तान नाम से फेसबुक आईडी चला रहा था। इस आईडी से उसने आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट की थी। देवरिया पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि पोस्ट करने वाला व्यक्ति लार थाना क्षेत्र का रहने वाला है। लार थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सलेमपुर के क्षेत्राधिकारी दीपक शुक्ला ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# आषाढ़ी एकादशी पर आनंद विश्व गुरुकुल एवं महाविद्यालय द्वारा भव्य दिंडी जुलूस

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



ठाणे , आषाढ़ी एकादशी के पावन अवसर पर शारदा एजुकेशन सोसायटी के आनंद विश्व गुरुकुल एवं महाविद्यालय द्वारा वारकरी परंपरा का सोलहवां वर्ष भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। पालकी जुलूस आनंद विश्व गुरुकुल, रघुनाथ नगर से प्रारंभ होकर रायलादेवी तालाब स्थित दत्त मंदिर से परिक्रमा पूरी की। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पारंपरिक परिधानों में सजे पालकी का स्वागत किया तथा हरिनाम का जाप किया। दिंडी जुलूस के दौरान 'राम कृष्ण हरि' के जाप से वातावरण भक्तिमय हो गया। भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने विट्ठलनाम के रंग में रंगे भक्ति नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी पदाधिकारी, शारदा एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष विलास थुसे, वरिष्ठ महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संगठन की सदस्य डॉ. हर्षला लिखटे, विधि महाविद्यालय की प्राचार्य एडवोकेट. सुयश प्रधान, आनंद विश्व गुरुकुल जूनियर कॉलेज की प्राचार्य श्रीमती संपदा कुलकर्णी, प्राथमिक विभाग की प्राचार्य डॉ. वैदेही कोलंबकर, विभाग समन्वयक मयूरा गुप्ते ने उत्साह के साथ इस दिंडी समारोह को प्रेरित किया। इस दिंडी ने छात्रों में आध्यात्मिक जागरूकता पैदा की और एकता और सांस्कृतिक मूल्यों की शिक्षा दी। आनंद विश्व गुरुकुल के सभी विभागों के छात्र, शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारी इस समारोह में शामिल हुए। पूरा कार्यक्रम बहुत ही अनुशासित और भक्तिमय माहौल में हुआ।

फास्ट ट्रैक

# सिगरेट के पैसे मांगने पर दोस्तों ने किया हमला

## शाहजहांपुर में किशोर के सिर पर कड़े से वार, अस्पताल में भर्ती

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



शाहजहांपुर, एक किशोर पर उसके दोस्तों ने सिगरेट के लिए 10 रुपये न देने पर हमला कर दिया। चौक कोतवाली क्षेत्र के मानूजई मोहल्ले का किशोर राजघाट पुलिस चौकी के पास स्थित पार्क में खेल रहा था। इस दौरान अब्दुल्लागंज मोहल्ले के रहने वाले उसके दोस्त वहां पहुंचे। दोस्तों ने किशोर से सिगरेट के लिए 10 रुपये की मांग की। किशोर ने पैसे न होने की बात कही। इस पर दोस्तों ने उसकी पिटाई कर दी। एक दोस्त ने अपने हाथ में पहने कड़े से किशोर के सिर पर वार किया। इससे किशोर का सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया। हमलावर मौके से फरार हो गए। परिजन घायल किशोर को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण करा लिया है। कोतवाली इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दो अफीम तस्कर गिरफ्तार

## 1.48 किलो अफीम जब्त, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 3.15 लाख

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**




शाहजहांपुर , बंडा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने खुटार रोड से सुनासीर नाथ मंदिर जाने वाले रास्ते पर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में बरेली के फरीदपुर थाना क्षेत्र के शमशाद और राजू शामिल हैं। शमशाद के पास से 529 ग्राम अफीम और 1,770 रुपए बरामद हुए। राजू के पास से 519 ग्राम अफीम और 2,890 रुपए मिले। कुल बरामद अफीम की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 3.15 लाख रुपए आंकी गई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे बाहर से अफीम मंगवाते थे। वे बरेली, पीलीभीत और शाहजहांपुर के आसपास के ढाबों और ट्रक चालकों को अफीम बेचते थे। पकड़े जाने के डर से वे अपनी असली पहचान नहीं बताते थे। पुलिस ने दोनों का मेडिकल परीक्षण कराया और शनिवार दोपहर 3 बजे न्यायालय में पेश किया। दोनों के खिलाफ अवैध मादक पदार्थ बेचने का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# सांसद राम भुआल निषाद पर एनबीडब्ल्यू जारी

## फर्जी लाइसेंस के मामले में चल रहे थे गैर हाजिर, एसएसपी को कोर्ट में हाजिर कराने का दिया आदेश

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



गोरखपुर, कोर्ट ने सपा सांसद रामभुआल निषाद के खिलाफ एक बार फिर गैर जमानती वारंट जारी किया है। यह कार्रवाई तब की गई जब कोर्ट में कई बार समन और वारंट जारी होने के बावजूद सांसद पेश नहीं हुए। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्ञानेंद्र कुमार ने सुल्तानपुर के सांसद रामभुआल निषाद की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए यह आदेश पारित किया। दरअसल, यह पूरा मामला 25 जनवरी 2020 से जुड़ा है, जब आयुध विभाग के लिपिक सुनील कुमार गुप्ता ने जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। एफआईआर के मुताबिक, सांसद रामभुआल निषाद ने जिस डबल बैरल ब्रिच लोडिंग गन (डीबीबीएल) का इस्तेमाल किया, उसका लाइसेंस बेचू यादव नामक व्यक्ति के नाम से जारी था। जांच में सामने आया कि वह लाइसेंस कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर इस्तेमाल किया जा रहा था, जबकि बेचू यादव की मौत हो चुकी थी। मामले की विवेचना पूरी होने के बाद पुलिस ने निष्कर्ष निकाला कि सांसद ने मृतक व्यक्ति के नाम पर जारी हथियार लाइसेंस का दुरुपयोग किया। इस आधार पर आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया। इसके बाद कोर्ट ने आरोपी को पेश होने के लिए कई बार समन व वारंट जारी किया, लेकिन हर बार सांसद की ओर से अनुपस्थिति रही। कोर्ट में लगातार गैरहाजिर रहने पर अब न्यायालय ने कठोर रुख अपनाते हुए गैर जमानती वारंट जारी कर दिया है।

साथ ही, आरोपी की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए गोरखपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजा गया है, जिसमें यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि अगली सुनवाई पर सांसद की उपस्थिति कोर्ट में हो। इस पूरे मामले ने राजनीतिक हलकों में भी हलचल तेज कर दी है। सांसद की भूमिका और उनके खिलाफ चल रही कोर्टी कार्रवाई को लेकर तमाम सवाल उठने लगे हैं।

वहीं, अब पुलिस प्रशासन पर भी दबाव बढ़ गया है कि वह न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए सांसद को कोर्ट में पेश करे।

# शादीशुदा प्रेमिका से विवाद के बाद नहर में लगाई छलांग

## गोताखोर कर रहे 4 घंटे से युवक की तलाश, इंस्टाग्राम पर हुई थी दोस्ती

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

रायबरेली, भदोखर थाना क्षेत्र में एक प्रेम प्रसंग ने दुखद मोड़ ले लिया। काटीहार गांव के 20 वर्षीय अंकित ने शारदा नहर में छलांग लगा दी। मामले में सामने आया कि अंकित की एक शादीशुदा महिला से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। महिला जगतपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली है। वह अंकित से मिलने उसके घर पहुंची और रात वहीं रुकी। अगली सुबह दोनों घर से निकले। रास्ते में दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद अंकित ने शारदा नहर में छलांग लगा दी। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। थाना अध्यक्ष भदोखर दयानंद तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से अंकित की तलाश शुरू की। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि अंकित के पिता का नाम कल्लू है। पुलिस टीम युवक के शव को बरामद करने में जुटी है।

# तालाब सफाई का फजीवाड़ा



- रायबरेली में 24 दिन का काम कागजों में, मौके पर कुछ नहीं; वीडियो वायरल

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

रायबरेली, ऊंचाहार में मनरेगा योजना में बड़ी लापरवाही सामने आई है। सरायें परसू गांव में तालाब की सफाई का काम कागजों में पूरा दिखाया गया। हकीकत में तालाब की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। योजना के तहत तालाब की सफाई के लिए 24 दिन का मस्टररोल स्वीकृत किया गया था। लेकिन तालाब की स्थिति जस की तस बनी हुई है। काम की निगरानी के लिए नियुक्त मेट भी कार्यस्थल पर मौजूद नहीं मिले एक वीडियो सामने आया। यह वीडियो एक दिन पहले शाम 4 बजे का है। इसमें मजदूर काम करने की बजाय आराम फरमाते और मोबाइल पर बात करते नजर आ रहे हैं। वीडियो से साफ है कि 24 दिनों में कोई खास काम नहीं हुआ। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र के लोगों ने सरकारी धन की बबार्दी पर नाराजगी जताई है। इस मामले में जब बीडीओ सुनील कुमार सिंह से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि सोमवार को मामले की जाँच कराई जाएगी।

# पति की चौथी-शादी पर पत्नी ने थाने में की शिकायत

- मारपीट और 80 हजार रुपए ले जाने का लगाया आरोप, बोली- घर से जाने के लिए कहता है

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**




शाहजहांपुर, पति की चौथी शादी और मारपीट का मामला सामने लाया है। महिला ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर न्याय की गुहार लगाई है। सदर बाजार क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया कि उसने 2023 में शादी की थी। शादी के 6 महीने बाद पता चला कि पति पहले से शादीशुदा है। उसकी एक बेटी भी है। एक साल बाद पति का दूसरी युवती से प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। पति की हरकतों पर नजर रखने पर उसने महिला के साथ मारपीट की। पीड़िता ने कई बार सदर थाने में शिकायत की। आरोप है कि पति पैसों के बल पर मामले को दबा देता है। पिछले महीने पति ने एक और महिला से शादी कर ली। पति पीड़िता को 50 हजार रुपए देकर बच्चे के साथ चले जाने को कहता है। पीड़िता का आरोप है कि पति घर से 70-80 हजार रुपए लेकर चला गया है। मारपीट के दौरान दूसरी महिला ने उसकी सोने की चेन भी तोड़ दी। परेशान होकर पीड़िता ने कई बार जान देने की कोशिश की। सदर थाना प्रभारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि महिला की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

# बिजली-विभाग के संविदा कर्मचारियों को दो माह का वेतन नहीं

## सीडीओ ने तीन दिन में भुगतान का दिया आश्वासन, मीटर रीडरों ने सौंपा ज्ञापन

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

शाहजहांपुर, जलालाबाद में विद्युत विभाग के मीटर रीडरों को दो माह से वेतन नहीं मिला है। पीड़ित कर्मचारियों ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर सीडीओ अपराजिता सिंह को ज्ञापन सौंपा। एक्सप्लोर टैक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के लिए ये कर्मचारी डोर-टू-डोर बिल बांटने और जमा करने का काम करते हैं। कंपनी इनका वेतन वॉलेट में जमा करती थी। मई माह का वेतन नहीं दिया गया। अप्रैल का वेतन जो वॉलेट में आया था, वह भी कंपनी ने वापस ले लिया। कर्मचारियों का पीएफ भी कई महीनों से जमा नहीं किया गया है। नौकरी के समय कंपनी ने हर कर्मचारी से 10 हजार रुपए की डिमांड ड्राफ्ट सिक्योरिटी के रूप में ली थी। यह राशि भी अभी तक वापस नहीं की गई है। कर्मचारियों ने कंपनी के उच्च अधिकारियों से कई बार वेतन और सिक्योरिटी राशि की मांग की। लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। मीटर रीडर्स ने बताया कि वे गरीब परिवारों से हैं और वेतन के बिना घर चलाना मुश्किल हो रहा है। सीडीओ ने तीन दिन के भीतर वेतन दिलाने का आश्वासन दिया है।

# समाधान दिवस के दौरान बिजली मीटर में आग लगी

## एडीएम की अध्यक्षता में चल रही बैठक में अफरा-तफरी, विद्युत कर्मियों ने पाया काबू

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



शाहजहांपुर, तिलहर तहसील में जुलाई माह के पहले शनिवार को विकास खंड परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार की अध्यक्षता में चल रही बैठक के दौरान अचानक बाहर से शोर सुनाई दिया। सभागार के बाहर विद्युत विभाग का एक मीटर और केबल में आग लग गई थी। मीटर बुरी तरह से जल रहा था। तेज आवाज के साथ आग लगने की सूचना मिलते ही सभागार में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोग बाहर निकलने के लिए एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश करने लगे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत विद्युत कर्मचारियों को बुलाया गया। कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर बिजली की लाइन काट दी और आग पर काबू पा लिया। इस त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी दुर्घटना टल गई। अधिकारियों का कहना है कि अगर आग पूरी विद्युत लाइन में फैल जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# हाइटेंशन लाइन की चपेट में आया किसान

## शाहजहांपुर में आम तोड़ते समय करंट लगा, मौके पर ही मौत

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



शाहजहांपुर, जैतीपुर थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई। हवासपुर गांव के 38 वर्षीय किसान दिलबाग सिंह की करंट लगने से मौत हो गई। दिलबाग अपने मकान के सामने लगे आम के पेड़ से फल तोड़ने गए थे। पेड़ के पास 11 हजार वोल्ट की हाइटेंशन लाइन गुजर रही थी, जो पेड़ को छू रही थी। पेड़ के आसपास जमा पानी की वजह से करंट पेड़ में उतर आया। दिलबाग के पेड़ को छूते ही वे करंट की चपेट में आ गए। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दिलबाग अपनी पत्नी हरपिंदर जीत कौर और तीन साल के बेटे गुरमनदीप सिंह का पालन-पोषण खेती के जरिए करते थे। परिजनों ने पत्नी और बच्चे के भविष्य को देखते हुए सरकार से मुआवजे की मांग की है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल

## 24 उपनिरीक्षकों का तबादला, एक को लाइन हाजिर किया

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**




शाहजहांपुर, कानून व्यवस्था को सुधारने के लिए एसपी राजेश द्विवेदी ने थानों में व्यापक फेरबदल किया है। उन्होंने 24 उपनिरीक्षकों के तबादले किए हैं। इस कार्रवाई का मुख्य कारण थानों में फरियादियों के साथ पुलिस का अनुचित व्यवहार और बढ़ती चोरी की घटनाएं हैं। पिछले कुछ समय से जिले में अपराध बढ़ने के साथ थानों में फरियादियों की सुनवाई लापरवाही की शिकायतें एसपी तक पहुंच रही थीं। इससे लोगों को सीधे एसपी कार्यालय जाना पड़ रहा था। तबादलों में पुवायां थाना क्षेत्र की बड़ागांव चौकी प्रभारी रविंद्रनाथ सिंह को लाइन भेजा गया है। थाना कलान के उपनिरीक्षक ललित शर्मा को चौक कोतवाली चौकी भेजा गया है। सदर थाने के उपनिरीक्षक अशोक कुमार को जिला अस्पताल चौकी की जिम्मेदारी दी गई है। अल्हागंज थाने के उपनिरीक्षक शिवम अग्रवाल को सदर थाने में तैनात किया गया है। मदनापुर के उपनिरीक्षक मनोज कुमार यादव को सदर थाने की कचहरी चौकी भेजा गया है। लापरवाही पर होगी कार्रवाई रामचंद्र मिशन थाने के प्रवीण कुमार को फतेहपुर चौकी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसपी राजेश द्विवेदी ने सभी अधिकारियों को फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और उनका समाधान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम के वीडियो के बाद 3 सफाईकर्मी सस्पेंड

- अपनी जगह प्राइवेट व्यक्ति से करा रहा था काम, काम करने वालों पर एफआईआर

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



शाहजहांपुर, सफाई व्यवस्था में बड़ी लापरवाही सामने आई है। एडीएम अरविंद कुमार ने तीन अलग-अलग गांवों का निरीक्षण किया। इस दौरान पता चला कि सरकारी सफाईकर्मी अपनी जगह प्राइवेट व्यक्तियों से काम करा रहे थे। कलान तहसील के मईखुर्द गांव में तैनात सफाईकर्मी फिरोज अहमद 42,799 रुपये मासिक वेतन पाते थे। वह खुद काम नहीं करते थे। उन्होंने नन्हे नाम के व्यक्ति को 250 रुपये प्रतिदिन पर रखा था। ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम ने डीएम को रिपोर्ट भेजी। विकासखंड ददरौल के रोशनपुर में सफाईकर्मी दीपकमल आर्य भी अनुपस्थित मिले। उन्होंने बिलहरी के मोनू को प्राइवेट तौर पर नियुक्त किया था। तिलहर के मोहनपुर में तैनात संजय कुमार ने भी एक प्राइवेट व्यक्ति से सफाई का काम करवा रहा था। प्राइवेट कर्मियों पर भी एफआईआर डीएम को जब यह जानकारी मिली तो उन्होंने कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए। तीनों सफाईकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही सभी सफाईकर्मियों और उनकी जगह काम करने वाले प्राइवेट व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। 3 जुलाई को डीएम का एक वीडियो सामने आया था। इसमें वह किसी अधिकारी को फिरोज अहमद और उनकी जगह काम करने वाले व्यक्ति की गिरफ्तारी के निर्देश दे रहे थे।

**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# रूस लड़कियों को बच्चे पैदा करने पर 1 लाख दे रहा

## जंग में बड़ी सेना बनाना मकसद, घटती जनसंख्या और बूढ़ी आबादी से जूझ रहा देश

एजेंसी

मॉस्को, रूस में कम उम्र की लड़कियों को बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। न्यूज एजेंसी मुताबिक सरकार बच्चे को जन्म देने और उसका पालन-पोषण करने के लिए इन्हें करीब एक लाख रुपए की मदद दे रही है। यह योजना मार्च 2025 में रूस के 10 हिस्सों में शुरू हुई है। इसका मकसद देश में कम होती जनसंख्या और बढ़ती उम्र के लोगों की समस्या को दूर करना है। पहले यह योजना सिर्फ बालिग (18 साल से ऊपर) महिलाओं के लिए थी। लेकिन अब इसमें नाबालिग लड़कियों को भी शामिल कर लिया गया है, ताकि वे भी बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित हों। रूस में 2023 में प्रति महिला औसत जन्म दर 1.41 थी, जबकि आबादी को स्थिर रखने के लिए 2.05 की दर जरूरी मानी जाती है। इसलिए रूस सरकार ऐसी योजनाएं चला रही है, जिन्हें ह्यप्रोनेटलिस्ट नीतियांह्न कहा जाता है। इनका मकसद लोगों को ज्यादा बच्चे पैदा करने के



लिए प्रेरित करना है। फिलहाल आबादी के लिहाज से रूस दुनिया का नौवां सबसे बड़ा देश है, लेकिन वहां जनसंख्या कम होने का खतरा बढ़ रहा है। रूस में स्कूल में पढ़ने वाली लड़कियों को बच्चे पैदा करने के लिए पैसे देना काफी विवादित फैसला है। रूस में हुए एक सर्वे के मुताबिक 43% लोग इस नीति के पक्ष में हैं, जबकि 40% इसका विरोध कर रहे हैं। लेकिन यह साफ है कि रूस की सरकार बच्चों के जन्म को अपनी सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में से एक मान रही है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कई बार ये कह चुके हैं कि बड़ी आबादी से देश को बड़ी सेना बनाने में मदद मिलती है। इससे देश ताकतवर बनता है। कुछ एक्सपर्ट्स इसे रूस और यूक्रेन के जंग से भी जोड़कर देख रहे हैं। इस युद्ध में अब तक करीब 2.5 लाख रूसी सैनिक मारे जा चुके हैं। इसके अलावा युद्ध की वजह से रूस के सैकड़ों हजार पढ़े-लिखे लोग देश छोड़कर भाग गए हैं। इनमें ज्यादातर युवा पुरुष हैं जो भविष्य में रूस में रहकर बच्चे पैदा कर सकते थे। रूस की संसद ने 2024 में एक ऐसा कानून पास किया है जिसका मकसद लोगों में बच्चे न पैदा करने की सोच को बढ़ावा देने से रोकना है। इस कानून के तहत अब कोई भी व्यक्ति, संगठन या विज्ञापन ऐसा मैसेज नहीं दे सकता जो लोगों को शादी और बच्चे पैदा करने के बजाय सिंगल रहकर या सिर्फ करियर बनाने के लिए प्रेरित करे। सरकार का मानना है कि ऐसे विचार रूस में पहले से ही गिरती जन्म दर को और खराब कर सकते हैं। इस कानून के साथ-साथ रूस में निजी क्लीनिकों में गर्भपात कराने पर भी सख्त पाबंदियां लगाई जा रही हैं, ताकि महिलाएं बच्चा गिराने का विकल्प आसानी से न चुन सकें। रूसी सरकार चाहती है कि महिलाएं शादी करें, बच्चे पैदा करें और उन्हें पालें, ताकि देश की जनसंख्या कम होने से रोकी जा सके। इन सभी देशों में यह देखा गया है कि सिर्फ पैसों या सुविधाओं का लालच देकर जन्म दर में बड़ी बढ़ोतरी नहीं हो पाती। बच्चे पैदा करने का फैसला लोग कई निजी, सामाजिक और आर्थिक वजहों से लेते हैं, जैसे महंगाई, करियर की प्लानिंग, माता-पिता बनने की जिम्मेदारी के लिए खुद को तैयार महसूस करना या बच्चों के लिए बेहतर सुविधाओं का भरोसा होना।

इसलिए जनसंख्या घटने की समस्या दूर करने के लिए सिर्फ पैसों की स्कीमें काफी नहीं हैं। स्पेन ने भी घटती जनसंख्या की चुनौती से निपटने के लिए एक अलग रास्ता चुना है।

# मेक्सिको में बढ़ते टूरिज्म के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन

## प्रदर्शनकारियों ने तोड़फोड़ और आगजनी की, टूरिस्ट हमारे घर चुराना बंद करो जैसे नारे लगाए

एजेंसी

मेक्सिको सिटी, मेक्सिको सिटी के कई शहरों में टूरिज्म और जेंट्रीफिकेशन (शहरीकरण) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुआ। कोंडेसा और रोमा जैसे टूरिस्ट एरिया में शांतिपूर्ण तरीके से शुरू हुआ प्रदर्शन बाद में हिंसक हो गया। कुछ नकाबपोश प्रदर्शनकारियों ने कई दुकानों में लूटपाट, तोड़फोड़ और आगजनी की। साथ ही प्रदर्शनकारियों ने 'टूरिस्ट मेक्सिको से बाहर जाओ', 'हमारे घर चुराना बंद करो' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने शहर में टूरिज्म को कंट्रोल करने और आवास नियमों को




सख्त करने की मांग की। बाद में प्रदर्शनकारी अमेरिकी दूतावास के बाहर पहुंचे और शहर की मेट्रो में नारेबाजी की। पुलिस ने दूतावास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी, और शहर में चेतावनी के लिए सायरन बजाय गए। मेक्सिको में 2020 से अमेरिकी टूरिस्ट काफी बढ़ें हैं, जिनके आने से यहां घरों के किराए में काफी बढ़ गए हैं, जिससे स्थानीय लोग अपने ही इलाकों से बेदखल हो रहे हैं। स्पेन, इटली, पुर्तगाल और दूसरे यूरोपीय शहरों में भी पर्यटन के खिलाफ प्रदर्शन तेज हो रहे हैं। स्पेन के बार्सिलोना में प्रदर्शनकारियों ने 15 जून को टूरिस्ट्स पर पानी फेंका और पर्यटक घर जाओ जैसे नारे लगाए। 2023 में बार्सिलोना में करीब 1.6 करोड़ पर्यटक आए, जो शहर की आबादी से 10 गुना ज्यादा है। शहर 2028 तक पर्यटक अपार्टमेंट्स पर प्रतिबंध लगाने की योजना बना रहा है। इटली के वेनिस में लोगों ने नए होटलों के खिलाफ 18 जून को प्रदर्शन किया था।

यहां होटलों की संख्या स्थानीय निवासियों के घरों से ज्यादा हो गई है। लिस्बन (पुर्तगाल) और मेजरका (स्पेन) में भी प्रदर्शन हुए, जहां लोग पर्यटन को नियंत्रित करने की मांग कर रहे हैं।

प्रदर्शनकारी पर्यटकों की संख्या सीमित करने, शॉर्ट-टर्म किराये पर रोक और स्थानीय लोगों के लिए किफायती आवास की मांग कर रहे हैं। कुछ शहरों ने इससे निपटने के लिए टूरिस्ट पर टैक्स लगाना शुरू किया है।

# भारत आकर किडनी बेच रहे बांग्लादेशी

## तस्करी का शिकार हुआ पूरा गांव; पैसा भी पूरा नहीं मिला; लोग सिर्फ एक किडनी के सहारे जिंदा

एजेंसी

ढाका/कोलकाता, बांग्लादेश के उत्तर-पश्चिमी जिले जॉयपुरहाट का एक छोटा-सा गांव बाइगुनी अब 'वन किडनी विलेज' के नाम से कुख्यात हो चुका है। यहां हर 35 में से एक व्यक्ति अपनी किडनी बेच चुका है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक भारत और बांग्लादेश के बीच चल रही इस अवैध अंग तस्करी ने कई परिवारों की जिंदगियों को बर्बाद कर दिया है। 45 वर्षीय सफीरुद्दीन इसी गांव के निवासी हैं। 2024 की गर्मियों में उन्होंने भारत आकर 2.5 लाख रुपए में अपनी किडनी बेच दी थी। उनका मकसद गरीबी से निकलना और अपने तीन बच्चों के लिए घर बनाना था, लेकिन अब उनका मकान अधूरा है, शरीर में लगातार दर्द है और काम करने की ताकत नहीं बची।



भारत में मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम 1994 के मुताबिक , किडनी का दान सिर्फ नजदीकी रिश्तेदारों के बीच या सरकारी मंजूरी से ही किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक दलाल नकली दस्तावेजों और रिश्तेदारी के फर्जी सबूतों के जरिए इस नियम को चकमा दे देते हैं। बिनाई गांव की विधवा जोशना बेगम और उनके दूसरे पति बेलाल को 2019 में एक दलाल ने भारत ले जाकर कोलकाता के एक अस्पताल में ट्रांसप्लांट करवाया। पहले 7 लाख टका (बांग्लादेशी करेंसी) का वादा किया गया, लेकिन ऑपरेशन के बाद सिर्फ 3 लाख मिले। जोशना कहती हैं कि, दलाल ने पासपोर्ट तक नहीं लौटाया। बाद में बेलाल भी मुझे छोड़कर चला गया। ई-कॉमर्स धोखाधड़ी में सब कुछ गंवाने के बाद ढाका के कारोबारी मोहम्मद सजल (बदला हुआ नाम) ने 2022 में दिल्ली में अपनी किडनी बेची। उन्होंने 8 लाख रुपए में किडनी बेच दी। लेकिन जब वादा किए गए 8 लाख रुपए नहीं मिले, तो उन्होंने खुद दलाल बनकर अन्य बांग्लादेशियों के लिए ट्रांसप्लांट का इंतजाम करना शुरू कर दिया। दिल्ली पुलिस ने जुलाई 2024 में एक महिला सर्जन को गिरफ्तार किया, जिन पर 15 बांग्लादेशी मरीजों के अवैध ट्रांसप्लांट कराने का आरोप है। हालंकि, यह कार्रवाई नाकाफी है। भारत में हेल्थ टूरिज्म एक 7.6 अरब डॉलर का उद्योग है और अधिक ट्रांसप्लांट का मतलब अधिक कमाई।

ऐसे में अस्पतालों की चुप्पी भी इस व्यापार को बढ़ावा दे रही है। रिपोर्ट में दलालों के हवाले से बताया गया है कि मरीज एक किडनी के लिए 18 से 22 लाख रुपए तक चुका देते हैं, जबकि किडनी बेचने वालों को सिर्फ 2.5 से 4 लाख रुपए मिलते हैं।

बाकी पैसा अस्पतालों, दलालों, दस्तावेज बनाने वालों और डॉक्टरों में बंट जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक कुछ मामलों में तो लोगों को भारत में नौकरी का झांसा देकर ले जाया गया और बाद में जबरन या धोखे से ऑपरेशन करवा दिया गया।

# अमेरिका के टेक्सास में बाढ़ से 24 की मौत

## 23 लड़कियां लापता; अभी भी बारिश जारी, हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका के टेक्सास राज्य में शुक्रवार को भारी बारिश के बाद ग्वाडालूप नदी में आई बाढ़ से 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि 23 लड़कियां लापता हो गई। अब तक 400 से ज्यादा लोगों को बचाया गया है। टेक्सास के गवर्नर डैन पैट्रिक ने बताया कि रेस्क्यू टीम काम कर रही है। जिसमें नौ बचाव दल, 14 हेलिकॉप्टर और 12 ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। कर्विल के पास कैंप मिस्टिक, जो एक



लड़कियों का समर कैंप है, पूरी तरह बाढ़ में डूब गया। कैंप में मौजूद 750 लड़कियों को बचाया गया है। कैंप में बिजली नहीं है और कई बच्चे अभी भी रेस्क्यू का इंतजार कर रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि कितने लोग लापता हैं, इसका सटीक आंकड़ा बताना मुश्किल है। पूवार्नुमान में बारिश की संभावना जताई गई थी, और लगभग 30 हजार लोगों के लिए चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले कुछ घंटों में टेक्सास और तेज बारिश हो सकती है। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने कहा- हम बाढ़ से निपटने के लिए सभी जरूरी संसाधनों को इस्तेमाल कर रहे हैं। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, गुरुवार देर रात और शुक्रवार सुबह कर्विल काउंटी में 5 से 10 इंच बारिश हुई, जिसकी वजह से टेक्सास में ग्वाडालूप नदी का जलस्तर कुछ ही घंटों में 7 फीट से बढ़कर 29 फीट हो गया। बारिश की वजह से नदी ने लोकल नाले और जलमार्गों को उफान पर ला दिया, जिससे सड़कें डूब गईं। ट्रेलर और वाहन बह गए। सैन एंटोनियो की इमरजेंसी टीमों ने हेलिकॉप्टर और ड्रोन के जरिए तलाश और बचाव कार्य शुरू किया है। इलाके में मौजूद लोगों ने लोकल मीडिया को बताया कि बाढ़ का पानी अचानक आया और उन्हें पेड़ों पर चढ़कर जान बचानी पड़ी।

# भेदभाव की राजनीति को...

## भाषा विवाद पर बोले चिराग पासवान, उद्धव-राज के मिलन पर भी दिया बड़ा बयान



एजेंसी

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि भारत का संविधान हमें देश के किसी भी कोने में रहने और कोई भी भाषा बोलने की अनुमति देता है। मैं सभी भाषाओं का सम्मान करता हूं, लेकिन आप हमारी भाषा का उतना ही सम्मान करें जितना हम आपकी भाषा का करते हैं। उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के सालों बाद साथ आने पर चिराग पासवान ने कहा कि वे भाषा के लिए नहीं, बल्कि अपने स्वार्थ के लिए साथ आ रहे हैं। वे अपना खोया हुआ आधार वापस पाने के इरादे से साथ आ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह भारतीय भाषाओं की खूबसूरती है कि अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती हैं। हर कुछ किलोमीटर पर हमारी बोली बदल जाती है। मैं भाषाओं को दोस्त मानता हूं, वे एक साथ खुशी-खुशी बढ़ी हैं। लेकिन जिस तरह से कुछ स्वार्थी राजनीतिक दल भेदभाव की राजनीति को बढ़ावा देते हैं - चाहे वह जाति, धर्म, क्षेत्र और अब भाषा हो। मैं इसका बिल्कुल भी समर्थन नहीं करता। दोनों भाइयों ने देखा कि अलग रहने से न केवल उनकी ताकत कम हुई बल्कि खत्म भी हो गई। युवा नेता ने कहा कि मुझे यकीन नहीं है कि उन्होंने अपने मतभेद सुलझाए हैं...मेरा मानना ??है कि वे

**केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि भारत का संविधान हमें देश के किसी भी कोने में रहने और कोई भी भाषा बोलने की अनुमति देता है। मैं सभी भाषाओं का सम्मान करता हूं, लेकिन आप हमारी भाषा का उतना ही सम्मान करें जितना हम आपकी भाषा का करते हैं। महाराष्ट्र में हिंदी भाषा विवाद पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि मैं हर भाषा का समर्थन और सम्मान करता हूं।**

सिर्फ. अपने राजनीतिक फायदे के लिए साथ आए हैं। मुझे नहीं लगता कि उनके दिल इतनी जल्दी जुड़ जाते और राजनीतिक मतभेद खत्म हो जाते। उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि वह और उनके चचेरे भाई राज ठाकरे एकसाथ रहने के लिए साथ आए हैं। उद्धव ने लगभग 20 वर्ष बाद महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख के साथ राजनीतिक मंच साझा किया।

उन्होंने यह भी कहा कि वह और राज मिलकर मुंबई नगर निगम और महाराष्ट्र की सत्ता पर कब्जा करेंगे। उद्धव ने कहा, हम साथ रहने के लिए साथ आए हैं। दो दशकों के बाद उद्धव और राज ने सार्वजनिक मंच साझा किया और ह्यआवाज मराठीचाह्न नामक एक विजय सभा आयोजित की जो राज्य के स्कूलों में कक्षा एक से तीसरी के रूप में हिंदी को शामिल करने के लिए सरकार द्वारा पहले जारी किए गए दो सरकारी आदेशों को वापस लेने का जश्न मनाने के लिए की गई।

# किस मुंह से बिहार में मांगेंगे वोट . . .

## आखिर बीजेपी पर क्यों बरसे अखिलेश यादव

**अखिलेश ने इस फैसले पर गहरी निराशा व्यक्त की और केंद्र से अपने जुड़ाव को याद किया। उन्होंने कहा कि हम और चौधरी साहब विशेष रूप से दुखी हैं क्योंकि हम जेपीएनआईसी सोसाइटी के संस्थापक सदस्य थे।**

एजेंसी

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) को लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को सौंपने के फैसले की कड़ी आलोचना की और इसे समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण की विरासत का अपमान बताया। अखिलेश ने इस फैसले पर गहरी निराशा व्यक्त की और केंद्र से अपने जुड़ाव को याद किया। उन्होंने कहा कि हम और चौधरी साहब विशेष रूप से दुखी हैं क्योंकि हम जेपीएनआईसी



सोसाइटी के संस्थापक सदस्य थे।

अखिलेश ने केंद्र का दौरा करने की एक याद भी साझा की, जब यह खाली पड़ा था। उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा, इसे इतने सालों तक बंद रखा गया था, एक बार मैं साक्षात्कार के लिए गया था, और गार्ड को निलंबित कर दिया गया था। मैंने अपनी जेब में पानी की बोतल रखी थी, इसलिए भाजपा ने मुझसे कहा कि हमने बोतल रख ली है। अखिलेश ने आगे कहा कि जब नेताजी ने जेपीएनआईसी की आधारशिला रखी थी, तब कई समाजवादी नेता मौजूद थे। जेपीएनआईसी का निर्माण इसलिए किया गया था ताकि यह पीढ़ी लोकतंत्र के लिए संघर्ष देख सके। लोगों को संपूर्ण क्रांति के नारे के साथ आए बदलाव को देखना था। इसके अलावा, भवन को एलडीए को सौंपे जाने की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि यह भवन एलडीए को दे दिया गया, एलडीए का क्या काम है, एलडीए भवन नहीं बल्कि मछली बाजार बनाता है। संस्था की रक्षा के लिए अपनी पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराते हुए अखिलेश ने कहा, और मैं मंच से एक बार फिर कहता हूं कि अगर इन्हें बेचना पड़ा तो हम समाजवादी लोग जेपीएनआईसी को खरीद लेंगे। अखिलेश ने बिहार में भाजपा की विश्वसनीयता पर तीखा हमला करते हुए कहा कि यहां जयप्रकाश नारायण की विरासत का राजनीतिक महत्व है। उन्होंने कहा, जो लोग जेपीएनआईसी को नष्ट करना चाहते हैं, वे किस मुंह से बिहार में वोट मांगेंगे। यह जेपीएनआईसी जेपी को समर्पित था।

# छत्तीसगढ़ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में बम की सूचना से मचा हड़कंप, बाद में खबर निकली फर्जी, ट्रेन गंतव्य के लिए रवाना

**दिल्ली से दुर्ग जा रही छत्तीसगढ़ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को लगभग एक घंटे की देरी से यहां झांसी रेलवे स्टेशन पर रोका गया, क्योंकि उसमें बम की धमकी मिली थी। बाद में पता चला कि यह एक अफवाह थी।**



एजेंसी

दिल्ली से दुर्ग जा रही छत्तीसगढ़ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को लगभग एक घंटे की देरी से यहां झांसी रेलवे स्टेशन पर रोका गया, क्योंकि उसमें बम की धमकी मिली थी। बाद में पता चला कि यह एक अफवाह थी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बम रखे होने की सूचना मिलने के बाद झांसी रेलवे स्टेशन पर गहन जांच की गई और किसी प्रकार की संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने के करीब एक घंटे बाद ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, 12824 छत्तीसगढ़ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस शुक्रवार शाम करीब छह बजे हजरत निजामुद्दीन से चली थी, जिसके बाद किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर सूचना दी कि इस ट्रेन के स्लीपर डिब्बे में बम रखा है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही लखनऊ स्थित रेलवे नियंत्रण कक्ष के अधिकारी सतर्क हो गए और सुरक्षा के मद्देनजर ट्रेन को अगले स्टॉप झांसी के वीरांगना लक्ष्मीबाई स्टेशन पर रोक कर जांच की तैयारी शुरू कर दी गयी।

# 'प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति दोषपूर्ण है, यह दुनिया में भारत के दुश्मन बढ़ा रही'

## कांग्रेस ने लगाया सरकार पर गंभीर आरोप

**खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के 42 देशों की यात्रा कर चुके हैं, लेकिन अब तक उन्होंने मणिपुर का दौरा नहीं किया है, जहां लोग मर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, उनकी विदेश नीति अच्छी नहीं है, जिसकी वजह से हमारे चारों तरफ दुश्मन बन गए हैं।**

एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की के कार्यकाल में जो कुछ हुआ है उसे लेकर कांग्रेस संतुष्ट नहीं है। पहलगाम हमले के बाद भारत का एक्शन, पाकिस्तान से संघर्ष के बाद अमेरिका का पाकिस्तान प्रेम- ट्रंप और मुनीर की लंच डेट, मालद्वीप के साथ परेशानियां आदि होने पर कांग्रेस ने अपने देश की सरकार पर तीखा हमला किया था। अब जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 से 9 जुलाई तक पांच देशों की ऐतिहासिक यात्रा पर निकले, जिसमें घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा



शामिल है। इस पर भी कांग्रेस उनके जाने के बाद देश की विदेश नीति पर सवाल उठा रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की विदेश नीति को दोषपूर्ण बताते हुए कहा कि इसने भारत के चारों ओर दुश्मन पैदा कर दिए हैं। खरगे ने यहां सामाजिक न्याय समारा भेरी को संबोधित करते हुए भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को संविधान की प्रस्तावना से समाजवादी और पंथनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की चुनौती दी। खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के 42 देशों की यात्रा कर चुके हैं, लेकिन अब तक उन्होंने मणिपुर का दौरा नहीं किया है, जहां लोग मर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, उनकी विदेश नीति अच्छी नहीं है, जिसकी वजह से हमारे चारों तरफ दुश्मन बन गए हैं। एक तरफ चीन है, तो दूसरी तरफ पाकिस्तान। आज नेपाल भी हमसे दूर होता जा रहा है। हर कोई हमसे दूर हो रहा है। हाल ही में, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ी एक पत्रिका में प्रकाशित लेख में कहा गया कि सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने संविधान की प्रस्तावना में शामिल समाजवादी और पंथनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा का आान संविधान को खत्म करने के लिए नहीं, बल्कि कांग्रेस की आपातकालीन युग की नीतियों की विकृतियों से मुक्त होकर इसकी मूल भावना को बहाल करने के लिए किया था।

## संक्षेप

### आकाशीय बिजली गिरने से 28 बकरियों की मौत

**तीन पशुपालकों को बड़ा नुकसान, स्थानीय प्रशासन से मुआवजे की मांग की**

सुलतानपुर, कटसारी ग्राम पंचायत में आकाशीय बिजली गिरने से एक पीपल के पेड़ के नीचे खड़ी 28 बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। बकरियों के मालिक जीतू हरिजन, मकड़ी यादव और बिजय यादव बारिश से बचने के लिए छाता लेने घर गए थे। उनके जाने के कुछ ही मिनटों बाद यह घटना घटी। घटना की सूचना मिलते ही गांव के प्रधान और एसडीएम कादीपुर के साथ लेखपाल सिगरेटरी ने मौके का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने पशुपालकों को मुआवजा दिलाने के लिए शासन को अवगत करा दिया है। कई ग्रामीण भी घटनास्थल पर पहुंचे। इस हादसे से तीनों पशुपालक परिवारों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। गांव में शोक का माहौल है। स्थानीय प्रशासन से पशुपालकों की मदद की मांग की जा रही है।

### तहसील समाधान दिवस में मिले 175 आवेदन

**कादीपुर में एसडीएम ने 19 शिकायतों का किया निस्तारण, अधिकारियों को दिए निर्देश**

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश सरकार की पहल पर जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कादीपुर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। ब्लॉक सभागार में उप जिलाधिकारी उत्तम कुमार तिवारी की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, आपूर्ति और जल जीवन मिशन से जुड़ी समस्याओं के कुल 175 आवेदन प्राप्त हुए। एसडीएम तिवारी ने अपनी टीम के साथ मौके पर 19 शिकायतों का निस्तारण किया। शेष आवेदनों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश सरकार के इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के तहत हर महीने के पहले और दूसरे शनिवार को तहसील मुख्यालयों पर समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**जन्मदिन पर 150 पौधों का वितरण, रामायण पाठ भी हुआ**

सुलतानपुर, संजय नगर बाजार में भगवा आर्मी के अध्यक्ष राजीव मिश्रा का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के लिए 150 पौधों का वितरण किया गया। समारोह की शुरूआत रामायण पाठ से हुई। इसके बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। पूजन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर भक्तिमय वातावरण था। कार्यक्रम में आरएसएस के वरिष्ठ कार्यकर्ता जमुना प्रसाद पांडे उपस्थित रहे। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाकांत शुक्ला भी मौजूद थे। प्रमोद कुमार मिश्रा, कुशाग्र मिश्रा, डॉ. बलराम मिश्रा और अर्जुन पांडे सहित सैकड़ों लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सभी ने राजीव मिश्रा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

# सफाई कर्मियों का प्रदर्शन

**बोले- महाकुंभ के 10-10 हजार नहीं मिले, बारिश में रेनकोट दिया जाए; सीएम की घोषणा के हिसाब से मानदेय मिले**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, नगर निगम में अपनी कई मांगों को लेकर सफाई कर्मियों ने जमकर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में सफाईकर्मी मौजूद रहे। निगम के सफाई कर्मियों के साथ ही महाकुंभ में काम करने वाले सफाई कर्मी भी शामिल रहे। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की। कहा कि जब तक हमारी मांगे नहीं पूरी होंगी, आंदोलन जारी रहेगा। सफाई कर्मियों ने कहा- महाकुंभ के समाप्ति के बाद मुख्यमंत्री ने मेले में काम करने वाले सफाई कर्मियों को 10-10 हजार रुपए देने की घोषणा की थी। इसका भुगतान अभी तक नहीं हो सका। सफाई कर्मियों की सफाई नायक के पद पर पदोन्नति की जाए। सीएम की घोषणा के अनुसार मानदेय 16 हजार रुपए प्रतिमाह किया जाए। मृत जानवर उठाने के लिए हर वार्ड में वाहन दिए जाएं। मृत पशुओं को फेंकने के लिए जगह तय की जाए। बारिश को देखते हुए रेनकोट दें। निगम के आउट सोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने समेत अन्य मांगे रखी। सफाई कर्मचारियों की भारी संख्या देखते हुए नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा ने उनको बात करने के लिए बुलाया। उन्होंने सफाई कर्मियों को बताया कि महाकुंभ की मिलने वाली धनराशि मेला प्राधिकरण के खाते में आ गई है। जल्द ही उसका भुगतान होगा। अन्य मांगों के लिए उन्होंने समय मांगा है। नगर आयुक्त के आश्वासन के बाद भी सफाई कर्मी शाम तक नगर निगम में डटे रहे। उनका कहना था कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होगी। वह डटे रहेंगे। इसके बाद शाम चार बजे मेयर गणेश केसरवानी ने सफाई कर्मियों से मिलकर उनसे बात की। इसके बाद मामला शांत हो सका।

# स्कॉर्पियो मोनो पैनल से टकराई

**5 लोग घायल, गैस कटर से काटकर एक को निकाला, सभी जिला अस्पताल रेफर**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज , फूलपुर में पीएनबी बैंक के सामने एक स्कॉर्पियो मोनो पैनल से टकरा गई। हादसे में गाड़ी में सवार पांच लोग घायल हो गए। घटना बीती रात की है। सराय इनायत थाना क्षेत्र के पांच लोग राधे पैलेस लोचन गंज से निमंत्रण कार्यक्रम से लौट रहे थे। फूलपुर थाना क्षेत्र के पीएनबी बैंक के पास गाड़ी अनियंत्रित होकर मोनो पैनल से टकरा गई। हादसे की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई और 108 एंबुलेंस को बुलाया गया। स्थानीय लोगों ने चार लोगों को बाहर निकाला। एक व्यक्ति गाड़ी में फंसा हुआ था। पुलिस और स्थानीय लोगों ने गैस कटर की मदद से उसे निकाला। सभी घायलों को पहले फूलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्घटना में स्कॉर्पियो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने जेसीबी की मदद से क्षतिग्रस्त गाड़ी को हटवाया। घटना के कारण कई घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि कस्बे में डिवाइडर का निर्माण पूरा न होने के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। पुलिस घायलों की पहचान अभी नहीं कर पाई है।

## डंपर और बाइक की टक्कर में दो की मौत




- जगदीशपुर-अयोध्या हाईवे पर हुआ हादसा, परिवारों में कोहराम

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, उत्तर प्रदेश के अमेठी में जगदीशपुर-अयोध्या हाईवे पर एक डंपर और बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। हादसा मंगरौली गांव के निकट हुआ। मृतक युवकों की पहचान करौली थाना क्षेत्र के मगरौरा गांव निवासी साहिल और फैजान के रूप में हुई है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए।

पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

# स्कूली वाहनों की जांच में बड़ी कार्रवाई

**100 वाहनों की जांच में 11 के काटे चालान, फिटनेस में फेल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी जिला, परिवहन विभाग ने स्कूली वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है। विभाग ने पिछले पांच दिनों में 100 से अधिक स्कूली वाहनों की जांच की। इस दौरान 11 वाहन फिटनेस मानकों पर खरे नहीं उतरे। विभाग ने इन सभी वाहनों का चालान काट दिया। जिले में कुल 715 स्कूली वाहन रजिस्टर्ड हैं। एक जून से स्कूलों के खुलने के बाद कई स्कूल संचालक बिना उचित कागजात के वाहन चला रहे थे। इन वाहनों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं थीं। एआरटीओ महेश बाबू गुप्ता ने बताया कि यह विशेष अभियान 15 दिनों तक चलेगा। उन्होंने स्कूल संचालकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि सभी आवश्यक कागजात पूरे करने के बाद ही वाहनों को सड़क पर उतारें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बच्चों की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, कई वाहन लंबे समय से खड़े थे और बिना उचित मेंटेनेंस के सड़क पर उतार दिए गए। विभाग ऐसे सभी वाहनों की निरंतर जांच कर रहा है और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।

## कांग्रेस के नए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण

- सुल्तानपुर में जिला व शहर कमेटी के नेताओं ने ली पद की शपथ, संविधान की रक्षा का संकल्प

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, जिला और शहर कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी से मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रसाद मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा और शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने अन्य कार्यकताओं के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया। वंदेमातरम से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। धीरेंद्र प्रसाद ने सभी उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव व अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। धीरेंद्र प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे देशभर में संविधान की रक्षा के लिए संघर्षरत हैं। कार्यक्रम में जनपद के कोऑर्डिनेटर अर्जुन पासी, उज्जवल शुक्ल, संदीप त्रिपाठी, एआईसीसी सदस्य फिरोज अहमद, लक्ष्मी कांत मिश्र और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ओपी चौधरी मौजूद रहे। सभी नेताओं ने कार्यकताओं से बूथ स्तर पर जनसंपर्क बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# अग्निपीड़ित परिवारों को मिली बड़ी राहत

**अमेठी में 16 परिवारों को मिलेगा आवास, सोलर लाइट और कृषि पट्टा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, जिले के भेटुआ ब्लॉक स्थित बैसड़ा गांव में दो महीने पूर्व लगी आग से प्रभावित परिवारों को सरकार ने राहत पैकेज दिया है। आग की इस घटना में 16 घर पूरी तरह जल गए थे। प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को दैवीय आपदा के तहत 4 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की है। साथ ही मुख्यमंत्री आवास योजना की पहली किस्त भी जारी कर दी गई है। प्रत्येक परिवार को शौचालय, सोलर रूफटॉप, कैटल शेड और बायोगैस प्लांट की सुविधा मिलेगी। डीएम संजय चौहान के अनुसार, भूमिहीन परिवारों को कृषि आवंटन योजना के अंतर्गत कृषि पट्टा दिया जाएगा। विधायक निधि से सोलर लाइट की व्यवस्था होगी। जल जीवन मिशन के तहत सभी घरों में नल कनेक्शन से शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। अमृत सरोवर के रूप में होंगे विकसित गांव के समग्र विकास के लिए क्षेत्र पंचायत योजना से तालाब को अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया जाएगा। ओपन जिम और सार्वजनिक शौचालय का निर्माण भी प्रस्तावित है।

यह गांव जीरो कार्बन उत्सर्जन वाला बनेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि इस तरह की सुनियोजित कॉलोनी का यह पहला उदाहरण होगा।

# दबंगों ने किया नाबालिग भाई-बहन का अपहरण

**मां बोलीं-आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहे, एसएसपी से की शिकायत**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, अकराबाद थाना क्षेत्र में नाबालिग भाई बहन के अपहरण का मामला सामने आया है। बच्चों की मां ने इस मामले में एसएसपी से मिलकर मदद मांगी है। उनका आरोप है कि इलाके में ही रहने वाले दबंगों ने उनके बच्चों को जबरन अपने पास रखा हुआ है। आरोपी उनके बच्चों ने मनमाने तरीके से काम कराते हैं। जान से मारने की धमकी देते हैं। उन्होंने इसकी शिकायत क्षेत्रिय पुलिस चौकी में की थी, लेकिन कई दिन बीतने के बाद भी पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया। जिसके बाद पीड़िता ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। वहीं एसएसपी ने महिला को कार्रवाई का आश्वासन दिया है। आरोपी उसके 10 साल के बेटे और 13 साल की बेटी को उठाकर ले गए थे। जिसके बाद उसने पुलिस चौकी में शिकायत की थी। कई दिन बीतने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जब वह शनिवार को चौकी गई तो उसे वहां से भगा दिया गया। जब आरोपियों को इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने महिला को धमकाना शुरू कर दिया और उसकी बेटी और बेटा को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। महिला ने आशंका जताई कि आरोपी उसकी नाबालिग बेटी के साथ गलत कर सकते हैं, इसलिए पुलिस जल्द से जल्द उसकी सुनवाई करे।

महिला पे एसएसपी संजीव सुमन से मिलकर नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। इसमें महिला ने इलाके में ही रहने वाले चार आरोपियों के नाम बताए हैं, जिन्होंने उसकी बेटी ओर बेटा को अपने कब्जे में रखा हुआ है और आए दिन जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

वहीं महिला की शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसमें जो भी दोषी मिलेगा, उसे बक्शा नहीं जाएगा और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ग्राम विकास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

**सभागार में प्रधान और सचिवों को सतत विकास लक्ष्यों की जानकारी दी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, प्रतापपुर कमैचा ब्लॉक सभागार में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत एक दिवसीय पुनबोर्धात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 65 ग्राम पंचायतों के प्रधान और पंचायत सचिव उपस्थित रहे। पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी और पूर्व जिला पंचायत राज अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया। उन्होंने प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने बताया कि इन क्षेत्रों में योजनाबद्ध कार्य से गांवों का समग्र विकास संभव है। कार्यक्रम के अंत में ग्राम प्रधानों ने आयोजन को उपयोगी बताते हुए संकल्प लिया कि वे ग्राम विकास की योजनाएं लक्ष्य आधारित और जनसहभागिता पर केंद्रित बनाएंगे। कार्यक्रम में ब्लॉक स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे। प्रशिक्षण से यह स्पष्ट हुआ कि नियोजित कार्यप्रणाली और सतत विकास लक्ष्यों को आधार बनाकर ग्रामीण भारत को सशक्त, समावेशी और आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।

## बिजली विभाग की लापरवाही

**ट्रांसफार्मर के पैनल बिना सुरक्षा जाली के खुले, बरसात में बढ़ेगा खतरा**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, जगदीशपुर में बिजली विभाग की लापरवाही सामने आई है। पालपुर के निहालगढ़ कस्बे के मार्ग पर स्थित ट्रांसफार्मर के पैनल बिना किसी सुरक्षात्मक जाली के खुले हुए हैं। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं। ट्रांसफार्मर के आसपास कोई चेतावनी संकेत नहीं लगाया गया है। इससे राहगीरों और पशुओं की सुरक्षा को खतरा है।

# प्रेमिका के पति को गोली मारने वाला गिरफ्तार

**मथुरा में रेस्टोरेंट संचालक पर किया था हमला, तमंचा-कारतूस बरामद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, थाना जैंत पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मुरादाबाद के थाना विलारी के शाहबाद रोड निवासी सत्यव्रत उर्फ डब्लू के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा, कारतूस और बाइक बरामद की है। चौमुहां निवासी दिनेश कुमार अपने वृंदावन होटल से घर लौट रहे थे। जीएलए यूनिवर्सिटी के सामने बाइक सवार बदमाशों ने उन पर गोली चला दी। इस हमले में दिनेश घायल हो गए। उनके भाई राजकुमार ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सत्यव्रत का दिनेश की पत्नी से प्रेम प्रसंग था। दिनेश की पत्नी, सत्यव्रत के गांव के जगत सिंह की साली है। वर्ष 2020 में अपनी पत्नी की मृत्यु के बाद सत्यव्रत का जगत की साली से लगाव बढ़ गया। दिनेश से शादी के बाद महिला सत्यव्रत के साथ रहने लगी। हालांकि सितंबर 2024 में वह फिर से अपने पति के पास चौमुहां आ गई। इससे नाराज सत्यव्रत ने अपने साथी विनायक के साथ वारदात को अंजाम दिया। दोनों मुरादाबाद भाग गए थे।


स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० - A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई , ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी